

तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 20 नवंबर 2026 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -42 ■ अंक-230 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 21 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी का निधन

पौड़ी,20 नवंबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का निधन हो गया है। पौड़ी गढ़वाल के पंचूर गांव में 91 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन



की खबर के बाद गांव में शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी मां के अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पौड़ी पहुंच सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी से आखिरी मुलाकात इसी साल मई में हुई थी। सात मई को अपने दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे के दौरान सीएम योगी पैतृक गांव पंचूर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के साथ परिजनों से मुलाकात भी की थी। अगले दिन आठ मई को कार्यक्रमों के बाद वह अपने पैतृक आवास पहुंचे, जहां उन्होंने मां सावित्री देवी का आशीर्वाद लिया था। अब यही मुलाकात उनकी मां के साथ आखिरी मुलाकात बन गई। संन्यास के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारिवारिक मुलाकातें कम ही हो पाती थीं। इसके बावजूद उनका अपने पैतृक गांव और परिवार से भावनात्मक जुड़ाव बना रहा। मई में मां से हुई मुलाकात की तस्वीरें और यादें अब परिवार के लिए बेहद भावुक कर देने वाली हैं।

माँ का स्नेह और आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी: साय

रायपुर 20 नवंबर . मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की पूज्य माताजी श्रीमती सावित्री देवी जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया है कि माँ का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। एक पुत्र के लिए माँ ही उसकी पूरी दुनिया होती है। माँ का निःस्वार्थ प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, जिसकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस दुःखद घड़ी में उनकी गहरी संवेदनाएँ मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ एवं उनके शोकसंतप्त परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने बाबा केदारनाथ से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी बनीं NCTE की राष्ट्रीय मेंटर

नई दिल्ली,20 नवंबर। राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद ने पूर्व आईपीएस अधिकारी और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल डॉ. किरण बेदी को 'मित्र पहल के तहत राष्ट्रीय मेंटर के रूप में शामिल किया है। इस पहल का उद्देश्य देशभर के स्कूली शिक्षकों को अनुभवी पेशेवरों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करना और उनकी शिक्षण क्षमता को मजबूत करना है। NCTE ने 18 नवंबर 2026 को अपने मुख्यालय से आयोजित एक ऑनलाइन सत्र के माध्यम से डॉ. बेदी को आधिकारिक तौर पर इस पहल में शामिल किया।

पीएम स्वनिधि योजना में छत्तीसगढ़ को मिले पांच राष्ट्रीय पुरस्कार, फास्टेस्ट मूवर्स श्रेणी में देश में पहला स्थान

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर, 20 नवम्बर. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'स्वनिधि सम्मान अवार्ड्स- 2026' में छत्तीसगढ़ को पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राज्य ने फास्टेस्ट मूवर्स (Fastest Movers) श्रेणी में देश में प्रथम और इनोवेशन एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज (Innovation and Best Practices) श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन तथा विकास मंत्री श्री अरुण साव ने राज्य स्तरीय दोनों राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण किए। समारोह में प्रदेश के तीन नगरीय निकायों बिलासपुर, बड़े बचेली और दंतेवाड़ा को भी राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया l समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू भी उपस्थित रहे। पुरस्कार ग्रहण करने के दौरान नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री निलेश महादेव क्षीरसागर तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी (मिशन) श्री सुनील अग्रहरी भी उपस्थित रहे।

स्वनिधि सम्मान अवार्ड्स- 2026 के अंतर्गत डिजिटल अडॉप्शन (Digital Adoption) श्रेणी में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एक लाख से कम जनसंख्या वाले नगरीय निकायों की श्रेणी में नगर पालिका परिषद बड़े बचेली ने देश में प्रथम और नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, एक लाख से 10 लाख जनसंख्या वाले नगरीय निकायों की श्रेणी में नगर पालिक निगम बिलासपुर को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेनदेन से जोड़ने, संस्थागत ऋण सुविधा उपलब्ध कराने और उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित पीएम स्वनिधि योजना छोटे व्यवसायियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। छत्तीसगढ़ को पांच राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। विशेष रूप से फास्टेस्ट मूवर्स श्रेणी में देश में प्रथम स्थान और इनोवेशन एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त करना राज्य में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और नवाचारों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे। पथ विक्रेताओं और छोटे व्यवसायियों को आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। यह राष्ट्रीय सम्मान राज्य में सुशासन, प्रभावी क्रियान्वयन और जनकल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य स्तर पर दो राष्ट्रीय पुरस्कार तथा बिलासपुर, बड़े बचेली और दंतेवाड़ा को डिजिटल अडॉप्शन श्रेणी में राष्ट्रीय सम्मान मिलना नगरीय निकायों की बेहतर कार्यप्रणाली और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से पथ विक्रेताओं को संस्थागत ऋण, डिजिटल लेनदेन और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि नगरीय निकायों को पथ विक्रेताओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए और अधिक प्रतिबद्धता से कार्य करने की प्रेरणा देगी।



इस अवसर पर नगर पालिक निगम बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी एवं आयुक्त श्री प्रकाश कुमार सर्वे, नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा की अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री अरुण कुमार ध्रुव तथा नगर पालिका परिषद बड़े बचेली के अध्यक्ष श्री राजू जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पी.टी.एम. कृष्णा राव भी उपस्थित रहे। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में पथ विक्रेताओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने, उनकी आजीविका को सुदृढ़ करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य को मिले पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से शहरी आजीविका संवर्धन, डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहन और छोटे व्यवसायियों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में छत्तीसगढ़ के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

जंगल में कब्जा हटाने पहुंची टीम पर हमला,टीआई समेत 4 घायल

गरियाबंद,20 नवंबर. छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सरकारी वनभूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम पर हमले का मामला सामने आया है. उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के करका जंगल में सरकारी वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंची टीम पर अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया. इस कार्रवाई में महिला वनकर्मियों समेत 400 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहे. अतिक्रमणकारियों के हमले में खल्लारी थाना प्रभारी टुमनलाल डडसेना, महिला वनरक्षक परमेश्वरी और ललिता के अलावा सुरक्षा श्रमिक यज्ञ मालती चोटिल हुई हैं. पूरा मामला आरसीकन्हार रेंज का है. वन अमले ने इसकी शिकायत खल्लारी थाना क्षेत्र में की है. जानकारी के मुताबिक, अतिक्रमण को हटाने के लिए वन विभाग और पुलिस की टीम महादनी के उद्गम स्थल क्षेत्र करका गांव के जंगल पहुंचे. यहां कार्रवाई के दौरान लोगों ने विरोध जताते हुए बहस शुरू कर दी. देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. अतिक्रमणकारियों ने आजगनी की कोशिश और पुलिस टीआई के साथ महिला वनकर्मी पर हमला किया. घटना की पुष्टि करते हुए उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों श्याम लाल (55 वर्ष), देवलाल नेताम (40 वर्ष) और योगेश कुमार (28 वर्ष) को अतिक्रमण के



आरोप में हिरासत में लिया गया है. उनके खिलाफ वन्य अपराध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जाएगा. वन विभाग के अनुसार, पिछले करीब एक दशक में इस क्षेत्र में लगभग सवा लाख पेड़ों की कटाई और नुकसान हुआ है. वहीं 102.45 हेक्टेयर आरक्षित वनभूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया था. इस खुलासे ने जंगलों की सुरक्षा और वनभूमि पर अवैध कब्जे को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.बुधवार को वन विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़े अभियान के तहत करका क्षेत्र की अतिक्रमित वनभूमि को कब्जे से मुक्त कराने की कार्रवाई की. इस अभियान में 400 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहे. संयुक्त टीम की मौजूदगी में वनभूमि से अतिक्रमण हटाया गया.

वन विभाग के सर्वेक्षण के मुताबिक, करका क्षेत्र में वर्ष 2016 के दौरान करीब 22 हेक्टेयर वनभूमि पर अतिक्रमण था, जो वर्ष 2026 तक बढ़कर लगभग 102.45 हेक्टेयर हो गया. इस स्थिति का आकलन पुराने सैटेलाइट चित्रों, इसरो की इमेजरी और GPS आधारित ड्रोन सर्वेक्षण के जरिए किया गया है. विभागीय आकलन में करीब 1.25 लाख पेड़ों की कटाई या क्षति का अनुमान सामने आया है. पेड़ों को नुकसान पहुंचाने के लिए गर्डलिंग यानी तने की छाल को चारों ओर से हटाकर उन्हें धीरे-धीरे सुखाने की प्रक्रिया भी सामने आई है.

चक्रवात अकवान से फसल नुकसान पर CM साय का बड़ा बयान

किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं, सर्वे के बाद मिलेगा मुआवजा

रायपुर,20 नवंबर। चक्रवाती तूफान अकवान के चलते आज सुबह से ही छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत कई इलाकों में बारिश हो रही है। इस चक्रवात से फसलों को नुकसान की आशंका के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों को राहत का भरोसा दिलाया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार फसल नुकसान की स्थिति में प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।



मुख्यमंत्री साय ने बताया कि चक्रवात से फसलों को होने वाले संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है। यदि तूफान के कारण फसलों को क्षति पहुंचती है तो संबंधित क्षेत्रों में सर्वे कराया जाएगा। इसके आधार पर प्रभावित किसानों को फसल बीमा और मुआवजा संबंधी प्रावधानों के तहत राहत उपलब्ध कराई जाएगी। सीएम साय ने कहा कि इससे पहले भी चक्रवात के कारण प्रदेश में फसलों को नुकसान पहुंचा था। उस दौरान भी सरकार ने नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को सहायता प्रदान की थी। इस बार भी फसल क्षति का आकलन कराया जाएगा और नियमानुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन से चक्रवात के संभावित असर को लेकर चिंतित किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश में आगामी चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ के नेताओं और कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते रहते हैं। जब छत्तीसगढ़ में चुनाव होते हैं, तब पड़ोसी राज्यों के कार्यकर्ता भी यहां सहयोग करने आते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश में चुनाव आने वाले हैं, इसलिए छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता वहां जा रहे हैं। सीएम साय ने आगे कहा कि पार्टी का जैसा आदेश होगा, उसके अनुसार वे भी चुनावी जिम्मेदारी निभाने के लिए जाएंगे।

ईरान पर नए हमले का फैसला न्यू ईयर के बाद : ट्रम्प

वाशिंगटन,20 नवंबर। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम, डर्टी बम और जैविक हथियारों को लेकर भी चिंता जताई है. इसके वावजूद ट्रंप ने ईरान पर नए सैन्य हमले का फैसला जनवरी 2027 तक टालने के संकेत दिए हैं. उन्होंने कहा कि अभी जल्दबाजी नहीं है. ईरान पर परमाणु और गंदे बम बनाने का आरोप भी लगाया. चीन से अमेरिका लौटते समय पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने ये सब बातें कहा. डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर नए बड़े सैन्य हमले करने के फैसले को फिलहाल टालने के संकेत दिए हैं. उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर नए साल यानी 1 जनवरी के बाद विचार किया जाएगा.अमेरिका में मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को प्रतिनिधि सभा और सीनेट, दोनों सदनों में अपना नियंत्रण गंवाना पड़ा. ट्रंप ने माना है कि चुनाव में हार की एक वजह ईरान भी रहा. गुरुवार को चीन के दौरे से अमेरिका लौटते समय विमान में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, 'मैं इस बारे में नए साल की शुरुआत के बाद बात करूंगा. हमारे पास अभी समय है.'ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच करीब आठ महीने से जारी संघर्ष को खत्म करने की कोशिशें अटकी हुई हैं. ट्रंप पिछले कुछ हफ्तों में ईरान को लेकर अलग-अलग संकेत देते रहे हैं. कभी उन्होंने नए हमलों की संभावना जताई, तो कभी संघर्ष खत्म होने की उम्मीद जताई है. हालांकि, दोनों देशों के बीच युद्ध खत्म करने को लेकर बातचीत अब भी अटकी हुई है. ट्रंप हाल के दिनों में कभी ईरान पर नए हमलों की चेतावनी दे रहे हैं तो कभी संघर्ष खत्म करने की संभावना जता रहे हैं.अमेरिका में हुए मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी प्रतिनिधि सभा और सीनेट, दोनों जगह अपना नियंत्रण गंवा बैठी. ट्रंप ने भी माना कि चुनाव में मिली हार के पीछे ईरान से जुड़ा विवाद एक बड़ी वजह रहा. हालांकि, चुनावी नुकसान के बावजूद ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के अपने फैसले को सही बताया.

छत्तीसगढ़ में चक्रवाती तूफान से 9 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

रायपुर,20 नवंबर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। चक्रवाती तूफान अकवान के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियां तेज होने की संभावना है। राजधानी रायपुर में गुरुवार रात से रुक-रुककर बारिश हो रही है, जबकि शुक्रवार सुबह भी बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। मौसम विभाग ने 20 और 21 नवंबर को प्रदेश के कई जिलों में बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम प्रभावित रह सकता है। इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, जबकि एक-दो जगहों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। वहीं, 22 से 25 नवंबर के बीच भी कुछ इलाकों में बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के नौ जिलों के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। इनमें जशपुर, बलरामपुर, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, बस्तर और कोंडागांव शामिल हैं। इसके अलावा प्रदेश के दक्षिण, मध्य और उत्तरी हिस्सों में भी बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों को गरज-चमक और आकाशीय बिजली के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से राजधानी रायपुर में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। गुरुवार सुबह से ठंडी हवाएं चलती रहीं और रात में रुक-रुककर बारिश हुई। शुक्रवार सुबह भी आसमान में बादल छाए रहे और बूंदाबांदी जारी रही। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 20 नवंबर को रायपुर में अधिकतम तापमान करीब 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वहीं, गुरुवार को दुर्ग प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसरी ओर, अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

चक्रवाती तूफान 'अक्वान' (Akvan) के संभावित प्रभाव और प्रदेश में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए छत्तीसगढ़ का स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। संभावित जलभराव, बाढ़, बिजली आपूर्ति बाधित होने और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों के अस्पतालों को जरूरी इंतजाम पहले से दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

राहुल गांधी के बयान पर भाजपा का पलटवार

भारत को बदनाम करने के लिए मिलते हैं पैसे

नई दिल्ली,20 नवंबर। चीन के शेनजेन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई त्रिपक्षीय वार्ता को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाने वाली पोस्ट की। इसको लेकर बीजेपी हमलावर है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को पोस्ट किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो भारत के प्रधानमंत्री डोनल्ड ट्रंप, शी चिनफिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ मेज पर बैठे होते। उन्होंने ट्रंप, शी और पुतिन के बीच हुई त्रिपक्षीय वार्ता की एक तस्वीर भी साझा की और कहा, "एक समझौता किया हुआ प्रधानमंत्री कभी भी इस मेज पर नहीं बैठ सकता।" इस पोस्ट पर बीजेपी की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई और बदले में पिछली कांग्रेस सरकार पर भारत के हितों के साथ समझौता करने का आरोप लगाया। बीजेपी प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने कांग्रेस पर समझौता करने का आरोप पुख्ता करने के लिए इंदिरा गांधी सरकार द्वारा पाकिस्तान के युद्धबंदियों को रिहा किए जाने और मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान आए शर्म-अल-शेख बयान का हवाला दिया।

उन्होंने कहा, "इंदिरा गांधी ने शिमला समझौते के दौरान समझौता कर लिया था। उन्होंने पाकिस्तानी सैनिकों को रिहा कर दिया और उसके बाद पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद फैलाना शुरू कर दिया।" सिन्हा ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी का समझौता करने का पुराना इतिहास रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि और सत्ता से बाहर रहने पर कांग्रेस पार्टी का यह हाल होता है॒ 7 अगस्त 2008, बीजिंग। कांग्रेस और सीसीपी (चीनी कम्युनिस्ट पार्टी) के बीच एक गुप्त समझौता हुआ, जिसके बाद चीन की घुसपैठ कई गुना बढ़ गई॒ और इसी घुसपैठ के साथ-साथ राजीव गांधी फाउंडेशन को चंदा भी मिलने लगा। उन्होंने आगे कहा कि और वैसे, शर्म अल-शेख की शर्मनाक घटना को कौन भूल सकता है? 2011 में शर्म अल-शेख में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री सैयद यूसुफ रजा गिलानी। क्या भारत ने कभी 2004-14 की यूपीए सरकार से ज्यादा समझौतावादी सरकार देखी है? बीजेपी नेता ने आरोप लगाया, "ऐसा लगता है कि राहुल गांधी को भारत को बदनाम करने के लिए पैसे दिए जाते हैं।" बीजेपी प्रवक्ता आरपी सिंह ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा और उन पर भारत के बारे में नकारात्मक नैरेटिव फैलाने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा, "सच तो यह है कि आज विश्व व्यवस्था में भारत का कद ऊंचा है। प्रधानमंत्री मोदी को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जिनके दुनिया भर के नेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं।"

मां सहित दो बच्चों की मौत

बलौदा बाजार,20 नवंबर। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया आया है, जहां मां सहित दो बच्चों की मौत हो गई है। आशंका जताई जा रही है कि महिला ने अपने दोनों बच्चों को जहर देने के बाद आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है। वहीं घटना से गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, घटना गिरौदपुरी चौकी क्षेत्र के सुकली गांव की है। मृतकों की पहचान युक्ति मानिकपुरी (28 वर्ष), उनके दो बच्चों चिराग दास मानिकपुरी (10 वर्ष) और दिव्यांश मानिकपुरी (5 वर्ष) के रूप में हुई है। दरअसल, गुरुवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि एक ही परिवार के तीन सदस्य अचेत अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों को कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मामला जहरीले पदार्थ के सेवन से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। परिजनों ने आशंका जताई है कि महिला ने बच्चों को खाने में जहरीला पदार्थ मिलाकर दिया और बाद में खुद भी उसका सेवन कर लिया।

ग्राम झुर्गीदादर के ग्रामीणों व विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर

एसपी ने कबीरधाम पुलिस के संचालित स्कूल के बच्चों को पुस्तकें वितरित की,शिक्षा की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कबीरधाम, 20 नवंबर। अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा थाना तरेगाँव जंगल अंतर्गत ग्राम झुर्गीदादर पहुंचकर ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय खिलाड़ियों से सीधा संवाद किया गया। इस दौरान कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित अस्थायी प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से रूबरू होकर उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही ओपन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित कर उनकी शैक्षणिक तैयारी में सहयोग प्रदान किया।

जनचौपाल में साइबर अपराध, यातायात नियम एवं सामाजिक विषयों पर किया जागरूक- इस अवसर पर आयोजित जनचौपाल में लगभग सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं आसपास क्षेत्र के लोग उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं युवा खिलाड़ियों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव एवं सतर्कता के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, शिक्षा एवं खेलों के महत्व तथा आपराधिक गतिविधियों के दुष्परिणामों के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाइश दी गई।

पुलिस अधीक्षक का विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संदेश- पुलिस कप्तान द्वारा शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियां बच्चों की शिक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें तथा उनकी शिक्षा को प्राथमिकता दें। शिक्षित बच्चे ही जागरूक, जिम्मेदार एवं सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने और शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, निराकरण हेतु दिया आश्वासन- जनचौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल की गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि उन्हें झिरिया से पानी लाना पड़ता है। साथ ही कुआं, तालाब एवं आंगनबाड़ी केंद्र की आवश्यकता भी बताई। पुलिस अधीक्षक ने इन समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों के माध्यम से शासन स्तर पर आवश्यक पहल कराने का आश्वासन दिया।

खिलाड़ियों को तत्काल उपलब्ध कराई खेल सामग्री-स्थानीय खिलाड़ियों द्वारा वॉलीबॉल नेट एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता बताई गई, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस जनचौपाल के माध्यम से पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने, ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने, विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारी में सहयोग करने तथा साइबर अपराध, यातायात नियमों एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।



खो-खो टीम नेशनल टूर्नामेंट के लिए वडोदरा रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 20 नवंबर। ग्राम पाऊवारा में 13 से 19 नवंबर तक आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय बालक-बालिका खो-खो कोचिंग कैम्प का समापन हुआ। कैम्प में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित 15 बालक और 15 बालिकाओं की टीम 19 नवंबर को वडोदरा (गुजरात) में आयोजित नेशनल खो-खो टूर्नामेंट में भाग लेने रवाना हुई। मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें उचित मंच और प्रशिक्षण देने की जरूरत है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला, जाफर सिद्दकी, उमेश निर्मलकर, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, सरपंच मीना यादव सहित जनप्रतिनिधि, प्रशिक्षक, खिलाड़ी, पालक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

एक नजर



वेल्डिंग मशीन चोरी करने वाला गिरफ्तार

भिलाई, 20 नवंबर (तछसं.)। भिलाई-3 स्थित पीपी यार्ड से वेल्डिंग मशीन चोरी करने वाले आरोपी को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए चलती मालगाड़ी का सहारा लिया था वह यार्ड में खड़ी मालगाड़ी के वैगन में चढ़कर मशीन लेकर फरार हो गया था आरपीएफ ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई वेल्डिंग मशीन बरामद कर ली है आरोपी के खिलाफ रेलवे संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर रायपुर जेल भेज दिया गया भिलाई तीन आरपीएफ पुलिस ने बताया कि भिलाई-3 पीपी यार्ड से वेल्डिंग मशीन चोरी होने की शिकायत मिली थी मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई यार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया, लेकिन उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। इसके बाद आरपीएफ ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। चरोदा से लेकर पावर हाउस तक कबाड़ियों और वेल्डिंग का काम करने वाले लोगों को चोरी गई मशीन के संबंध में जानकारी दी गई थी। इसी बीच एक ठेकेदार के पास आरोपी ने वेल्डिंग मशीन बेचने के लिए संपर्क किया। इसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ टीम ने तत्काल दबिश दी और पुरैना स्टोरपारा निवासी के. महेश को गिरफ्तार कर लिया आरपीएफ के मुताबिक आरोपी के. महेश मारपीट के मामले में 29 सितंबर से दुर्ग सेंट्रल जेल में बंद था 2 नवंबर को जेल से छूटने के बाद उसने नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की योजना बनाई आरोपी नशे का आदी है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

भिलाई, 20 नवंबर (तछसं.)। भट्ठी थाना अंतर्गत क्षेत्र में रेलवे किलोमीटर संख्या 857.15 के पास मिडिल लाइन पर शाम करीब 5.30 बजे ट्रेन नंबर 18261 की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक उम्र लगभग 25.35 वर्षद्ध की मौत हो गई सांवले रंगए गठीले शरीर व करीब पांच फीट कद के मृतक ने लाल जैकेटए स्लेटी हाफशर्ट और फुल पैंट पहन रखी थी। शव सुपेला मरचुरी में रखवाकर पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

बुजुर्गों के जीवन भर के अनुभव,संस्कार और ज्ञान आने वाली पीढ़ियों के लिए अनमोल धरोहर है:उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा, 20 नवंबर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा परिवर्तनशील सामाजिक परिवेश में जहां परिवारों के बीच संवाद और आपसी मेलजोल कम होता जा रहा है, वहीं वरिष्ठजनों के अनुभव और मार्गदर्शन समाज को नई दिशा दे सकते हैं। उनके जीवनभर के अनुभव, संस्कार और ज्ञान आने वाली पीढ़ियों के लिए अनमोल धरोहर हैं। वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक वातावरण और आपस में मिलने-जुलने का अवसर देने के उद्देश्य से कवर्धा में करीब 30 लाख रुपए की लागत से सियान सदन का निर्माण कराया जा रहा है।

यह बात उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कन्फेडरेशन के सातवें प्रादेशिक सम्मेलन-2026 में कही। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठजन केवल अपने परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए महत्वपूर्ण धरोहर हैं। वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान, आशीर्वाद और मार्गदर्शन सामाजिक जीवन को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कई आयोजनों में शामिल होने का अवसर मिलता है, लेकिन इस सम्मेलन में वे कुछ देने नहीं, बल्कि वरिष्ठजनों से आशीर्वाद और प्रेरणा लेने आए हैं। जीवनभर के अनुभव के बाद वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए उस ज्ञान की तरह हैं, जो मूल से भी अधिक प्रिय होता है।

सम्मेलन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कन्फेडरेशन की अनुभूति पत्रिका का विमोचन किया। उन्होंने कवर्धा में प्रादेशिक सम्मेलन आयोजित करने के लिए आयोजकों को बधाई दी और सियान सदन का निर्माण पूरा होने के बाद भी इसी सम्मेलन आयोजित करने का आमंत्रण दिया।

सियान सदन में मिलेंगी मनोरंजन की सुविधाएं

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वरिष्ठजनों के सुझाव और प्रेरणा से कवर्धा में करीब 30 लाख रुपए की लागत से सियान सदन का निर्माण कार्य कराया गया है। इसके लिए वरिष्ठ नागरिकों ने स्वयं स्थान का सुझाव दिया था। सदन में बुजुर्गों के बैठने, आपस में मिलने-जुलने और विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने की सुविधाएं होंगी। यहां कैरम, शतरंज खेलने के साथ व्यायाम और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के लिए भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने भविष्य में बैटरी चालित छोटे वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बताई। इसके माध्यम से वरिष्ठजन फोन कर वाहन बुला सकेंगे और सियान सदन तक आसानी से आ-जा सकेंगे।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष इश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कन्फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश देवरस प्रांतीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष मदन? तंबोली, उपाध्यक्ष सतीश कुमार यदु, मुरली सिंह, सचिव चन्द्रहास ठाकुर कोषाध्यक्ष बीपी सोनी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 350 से अधिक वरिष्ठ नागरिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 20 नवंबर। नगर कांग्रेस कमेटी उतई के द्वारा नगर कांग्रेस कमेटी उतई कार्यालय में देश की प्रथम एवं एकमात्र महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती मनाई गई श्रीमति इंदिरा गांधी जी ने अपनी प्राणों की आहुति देकर देश की प्रतिष्ठा एवं अखड़ता को बनाए रखने के लिए जीवन भर प्रयास किया जब वह जीवित थी तब उन्होंने कहा था देश की सेवा में अगर मेरी मृत्यु भी हो जाए तो मुझे हमेशा गर्व होगा मेरे खून की हर बूंद राष्ट्र के विकास एवं राष्ट्र को समर्थ बनाने के लिए कुर्बान है सभी कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर फूल माला अर्पण कर उनकी जयंती मनाई कार्यक्रम में डॉ प्रहलाद वर्मा अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी उतई पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी जिला सचिव बहादुर सिंह नेताम पूर्व पार्षद वीरेंद्र गोस्वामी वरिष्ठ कार्यकर्ता शत्रुघ्न गढ़े ,नगरिया जी,युवा साथी भावेश साहू टीकम डोंडे अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

अकवान तूफान के असर से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 20 नवंबर। पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में बने प्रचंड चक्रवाती तूफान अकवान के असर से मौसम में बदलाव आ गया है। कल शाम से आसमान बादलों से ढँक गया और आज भोर-सुबह से ही बारिश का दौर शुरू हो गया । हल्की लेकिन निरन्तर होती बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है । कामकाजी लोगों को घरों से निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है । बरसाती एवं छाते जो बंद हो गए थे वे एक बार फिर निकल गए हैं । इसके साथ ही गरमा-गरम चाय-कॉफी, भजिया-पकौड़े एवं अन्य गर्म चीजों की मांग बढ़ गयी है । मौसम विभाग ने 20 और 21 नवंबर को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान पहले ही जारी कर दिया था । वहीं, एक-दो स्थानों पर भारी बारिश के साथ गरज-चमक, आकाशीय बिजली और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई थी, इसलिए लोग इसके लिए तैयारी कर रखे थे। मौसम विभाग के अनुसार, 19 नवंबर को दोपहर 2ः30 बजे आइएसटी पर चक्रवाती तूफान पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में 15.6 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 85.2 डिग्री पूर्वी देशांतर के पास स्थित था। पिछले छह घंटों के दौरान यह लगभग 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर दिशा की ओर बढ़ा। तूफान नरसापुर से लगभग 390 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व, कलिंगपट्टनम से 320 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व, गोपालपुर से 410 किलोमीटर दक्षिण, पुरी से 470 किलोमीटर दक्षिण और चेन्नई से 610 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में केंद्रित था। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, इस चक्रवाती तूफान के उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने तथा 20 नवंबर की दोपहर तक गोपालपुर के निकट नरसापुर और पुरी के बीच उत्तरी आंध्र प्रदेश, यनम और दक्षिणी ओडिशा के तटों को पार करने की संभावना जताई गई थी। इस दौरान तूफान की अधिकतम हवा की गति 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा रहने तथा झोंकों के साथ 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने का अनुमान था। मौसम विभाग ने बारिश के साथ गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गयी है। आकाशीय बिजली चमकने के दौरान सुरक्षित स्थान पर रहें और मौसम विभाग की चेतावनियों पर नजर रखें।



ग्राम घुघुवा में एनएसएस शिविर के समापन समारोह में प्रणव शर्मा ने किया स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 20 नवंबर। क्षेत्र के ग्राम घुघुवा में श्री रावतपुरा सरकार महाविद्यालय के फार्मेसी के छात्रों द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्स्) शिविर का समापन समारोह बुधवार को संपन्न हुआ, समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा रहे, कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच श्रीमती शैलेन्द्री साहू सहित विश्वविद्यालय के प्राचार्य, शिविर प्रभारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रणव शर्मा ने कहा कि एन एस एस युवाओं को समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

चित्रकला, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को दिया नशामुक्ति का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कबीरधाम, 20 नवंबर। कलेक्टर जिला कबीरधाम श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार एवं समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दिनांक 18 नवंबर 2026 को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंझेटा, पंडरिया में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों एवं शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को नशामुक्त बनाने में जागरूकता दूत के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गयाजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए नशामुक्ति विषय पर चित्रकला, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों एवं विचारों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों, नशे से होने वाली सामाजिक एवं पारिवारिक क्षति तथा नशामुक्त समाज के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों सहित कुल 495 उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

अहिवारा में पंथी नृत्य का विश्व रिकॉर्ड बनाने जुटे कलाकार



भिलाई, 20 नवंबर। अहिवारा के दशहरा मैदान में आयोजित पंथी नृत्य महाकुंभ महासमागम में 3000 से अधिक कलाकारों ने एक मंच पर एक साथ पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। करीब 200 मांदर की थाप पर सजे इस आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 10 हजार दर्शक पहुंचे और पंथी नृत्य का आनंद लिया। आयोजक दिनेश चतुर्वेदी के माध्यम से न्यू आदर्श युवा संगठन, ग्राम नंदिनी-खुंदिनी के अध्यक्ष देवऋषि घिड़ोडे ने मंच पर पूजा-अर्चना कर अपने उद्बोधन में स्वर्गीय देवदास बंजारे को याद करते हुए उनके योगदान का गुणगान किया।

विकास कार्यों को एमआईसी की मंजूरी,नंदिनी रोड चौड़ी की जाएगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 20 नवंबर। नगर निगम के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त सुरूचि सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में शहर के विकास, सड़क एवं सीवरेज व्यवस्था, सफाई संसाधनों और राजस्व वसूली को बेहतर बनाने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से अनुशंसा प्रदान की गई। बैठक में राजस्व वसूली व्यवस्था को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए वर्तमान सॉफ्टवेयर के स्थान पर एक्सिस बैंक द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर लागू करने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। इसके लिए पहले सॉफ्टवेयर का परीक्षण किया जाएगा। सफल पाए जाने पर इसका उपयोग संपत्तिकर एवं अन्य राजस्व करों की वसूली में किया जाएगा। वहीं, 15वें वित्त आयोग के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने आधुनिक वाहनों एवं मशीनों के उपयोग संबंधी प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा जोन क्रमांक-2 में 3 करोड़ रुपये की लागत से सीमेंटीकरण सड़क, वार्ड 20, 21 एवं 23 में 1 करोड़ 68 लाख रुपये से सीवर लाइन तथा वार्ड 24 के हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में 1 करोड़ 74 लाख रुपये से सीवरेज नवीनीकरण एवं नए सेप्टिक टैंक निर्माण के प्रस्तावों को अनुशंसा दी गई। मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत एसीसी चौक से पावर हाउस चौक तक नंदिनी रोड का 2 करोड़ 79 लाख 90 हजार रुपये की लागत से चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ मार्ग की सुंदरता भी बढ़ेगी। बैठक में महापौर परिषद के सदस्यों के साथ ही अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे उपायुक्त दिनेश कोसरिया, तरुणपाल लहरे, विजय पांडेय, सीमा बक्शी, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सुनील जैन, अनिल सिंह, अरविन्द शर्मा, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, बी एल असाटी, धर्मेन्द्र मिश्रा, दिलीप कुर्वे, राजेश पालवे एवं देवव्रत राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यशाला में विद्युत सुरक्षा के मानकों के पालन पर जोर



भिलाई, 20 नवंबर। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत थानखम्हरिया वितरण केंद्र में विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वितरण केंद्र के सभी लाइन कर्मचारियों एवं एफओसी कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस. मनोज ने तकनीकी एवं ठेका कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अधिकांश विद्युत दुर्घटनाएं छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण होती हैं। ऐसे में सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को अपनाकर और आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करके दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को शून्य विद्युत दुर्घटना के लक्ष्य के प्रति गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यशाला के दौरान कर्मचारियों को सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर एवं डिस्चार्ज रॉड सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। अधिकारियों ने उपकरणों के सही इस्तेमाल की बारीकियां समझाते हुए कर्मचारियों को कार्यस्थल पर स्वयं के साथ-साथ सहकर्मियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की हिदायत दी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता राजेश श्रीवास्तव, सहायक अभियंता साजा उपसंभाग नीतीश गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता खमरिया वितरण केंद्र कामता प्रसाद साहू सहित वितरण केंद्र के समस्त तकनीकी कर्मचारी उपस्थित थे।

सुबह से ही लोगों का शराब पीना चिंता का विषय

कवर्धा, 20 नवंबर (तछसं.)। कबीरधाम जिले में शराब पीने की आदत लगातार बढ़ रही है जो की चिंतनीय विषय है । सुबह 6 बजे से ही शराब पीने की आदत कई लोगों में नियमित पीने की आदत बढ़ गई है जो कि चिंतनीय विषय है । पढ़े लिखे लोग देखते है तो कहते है की जनप्रतिनिधियों ओर जिला प्रशासन को नशा मुक्ति केंद्र में ऐसे लोगों को भेजना चाहिय । शराबी को कौन समझाये डर लगता है । महिला सुरक्षा भी चिंतनीय विषय बन सकती है । सुबह 6 बजे से प्रशाशन को ऐसे शराबियों पर नजर रखनी चाहिय की जिससे की सुबह सुबह कोई शराब ना पिये । बाजार या चौक में बोर्ड लगाना चाहिए की सार्वजनिक स्थल पर शराब ना पिये । एक युवा ने झल्लाते हुए कहा की सरकार को शराब बंदी की घोषणा कर देनी चाहिए । एक शराबी ने कहा की पीते पीते परेशान हो गया हु शराब पीना छोड़ना चाहता हु कोई उपाय बताए कैसे शराब पीने की आदत छूट सकती है । जिला पुलिस प्रशाशन लगातार अवैध शराब विक्रेता पर कार्रवाई कर रही है जिसकी तारीफ होती है । सिर्फ इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है की सुबह 6 बजे जो शराब पीते हैं वो सार्वजनिक स्थल पर ना पिये इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है ।

मारपीट के आरोप में महिला एवं पुरुष गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 20 नवंबर। भिलाई नेवई थाना क्षेत्र में मारपीट एवं बलवा कर व्यक्ति को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में नेवई थाने पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 लकड़ी के डंडे जब्त की है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि 4 नवंबर की रात 10.40 बजे मृतक श्रवण मंडावी, (54 साल) निवासी वार्ड क्रमांक 34 दशहरा मैदान, नेवई के साथ उसके पड़ोसियों ने नेवई बस्ती स्थित शिव मंदिर के पास पान ठेले के समीप विवाद करते हुए मारपीट की गई थी आरोपियों ने मृतक पर पान ठेले के पास ग्राहकों को शराब पिलाने का आरोप लगाते हुए डंडे, चप्पल एवं हाथ-मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाई तथा बलवा किया। उक्त घटना से आहत एवं व्यथित होकर मृतक ने स्वयं जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया गया उपचार के लिए शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया घटना की सूचना पर थाना नेवई में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्युका स्पष्ट कारण नहीं दर्शाते हुए विसरा सुरक्षित रखा गया तथा मृतक के शरीर पर बाहरी चोटें होना उल्लेखित किया मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल के पंचों, मृतक की पत्नी, परिजनों एवं प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के कथन लिए गए। जांच में घटना दिनांक को आरोपियों ने मृतक के साथ मारपीट एवं बलवा किए जाने तथा पूर्व में भी विवाद होने की जानकारी सामने आई उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध घटित होना पाए।

संक्षिप्त समाचार

होंडा रेबेल 500 की कीमत घोषित, बुकिंग शुरू

रायपुर,20 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने अपनी नई लाइफस्टाइल क्रूजर बाइक रेबेल 500 की कीमतों की घोषणा करते हुए देशभर में बुकिंग शुरू कर दी है। इसके स्टैंडर्ड वेरिएंट की कीमत 4.49 लाख रुपए और ई-क्लच वेरिएंट की कीमत 4.89 लाख रुपए (एक्स-शोरूम, बेंगलुरु) रखी गई है। नई कीमतें 19 नवंबर 2026 से लागू हो गई हैं।भारत में निर्मित रेबेल 500 में 471cc का लिक्विड-कूल्ड पैरेलल-ट्विन इंजन दिया गया है। बाइक में एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप, टीएफटी डिस्प्ले, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, होंडा सिलेक्टेबल टॉर्क कंट्रोल और डुअल-चैनल एबीएस जैसे फीचर्स मिलते हैं। इसका ई-क्लच वेरिएंट बिना क्लच लीवर दबाए गियर बदलने की सुविधा देता है। बाइक की बुकिंग होंडा बिगविंग डीलरशिप और कंपनी की वेबसाइट पर 5,000 रुपए में की जा सकती है।

सुनी सुनाई बातों की जांच कर सत्य ही बोलें -श्रेयांशप्रभ जी

राजनांदगांव ,20 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने कहा कि सुनी सुनाई बातों की जांच किए बिना हम उसे बहुत बढ़ा चढ़ाकर बोलते हैं जिससे कि अफवाह फैलती हैं। उन्होंने कहा कि सुनी सुनाई बातों की सत्यता की जांच किए बिना हमें बात को आगे नहीं बढ़ानी चाहिए। उन्होंने जैन रामायण की कथा सुनाते हुए कहा कि राम,सीता और लक्ष्मण के बनवास के दौरान लक्ष्मण जी ने कभी राम को या सीता को काम करने नहीं दिया बल्कि वे ही सारा काम स्वयं ही करते थे। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि आज अपने चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आगे कहा कि श्री राम गंभीर थे तो लक्ष्मण जी चंचल थे। वे बहुत जल्दी गुस्से में आ जाते थे। उन्होंने कहा कि राम जैसा धीर गंभीर बनें और सत्यता की जांच के बिना कुछ ना बोले। मुनि श्री ने कहा कि यदि योद्धा को शस्त्र मिल जाए तो वह जितना खुश होता है उतना शायद ही कोई होता होगा। इसके बावजूद भी जीव की हत्या का दुख उन्हें होता ही है। मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी ने कहा कि चंचलता ठीक है लेकिन व्यक्ति को धीर गंभीर होना चाहिए। किसी भी बात को सुनकर उसकी सच्चाई का पता लगाना चाहिए तब कहीं जाकर आगे उस बात को दोहराना चाहिए।

चक्रवाती तूफान 'अकवान' का छत्तीसगढ़ में दिखने लगा असर

तिल्दा-नेवरा,20 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। सहित कई क्षेत्रों में बारिश से बढ़ी ठंडतिल्दा-नेवरा। छत्तीसगढ़ में चक्रवाती तूफान 'अकवान' का असर अब दिखाई देने लगा है। तिल्दा-नेवरा, सिमगा, खरोरा, धरसींवा, हथबंद और सुहेला सहित आसपास के अनेक क्षेत्रों में मौसम में बदलाव देखने को मिला है।राजधानी रायपुर सहित जिले के विभिन्न इलाकों में गुरुवार रात लगभग 11 बजे के बाद अचानक मौसम बदला। ठंडी हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट आई तथा वातावरण में ठंडक बढ़ गई।बढ़ती ठंड का असर जनजीवन पर भी दिखाई दिया। शहर के कुछ स्थानों पर लोग अलाव जलाकर आग तापते नजर आए। वहीं बलौदाबाजार सहित प्रदेश के कई जिलों में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा।मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को ठंड का एहसास होने लगा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मौसम को लेकर किसानों में चिंता बढ़ गई है 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है

छत्तीसगढ़ में स्पेशल एजुकेटर के 38 पदों पर सीधी भर्ती

रायपुर, 20 नवंबर। छत्तीसगढ़ में स्पेशल एजुकेटर के 38 पदों पर सीधी भर्ती के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संक्षिप्त विज्ञापन जारी किया है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 20 नवंबर 2026 से आवेदन कर सकेंगे, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2026 की शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार स्पेशल एजुकेटर के 38 पदों पर भर्ती के लिए विस्तृत विज्ञापन विभागीय वेबसाइट https://eduportal.cg.nic.in/ पर उपलब्ध कराया गया है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं । आवेदन पत्र कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर एवं सरगुजा में जमा किए जा सकेंगे। सभी कार्यालयीन दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित कार्यालयों के अतिरिक्त अन्य किसी कार्यालय में जमा किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को प्रत्येक जिले अथवा संभाग में विज्ञापित पदों के लिए अलग-अलग आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। एक ही आवेदन पत्र सभी जिलों एवं संभागों में विज्ञापित रिक्त पदों के लिए मान्य होगा। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट https://eduportal.cg.nic.in/ पर उपलब्ध है। विज्ञापित पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य शर्तों की जानकारी विस्तृत विज्ञापन में देखी जा सकती है। लोक शिक्षण संचालनालय ने अभ्यर्थियों को निर्देशित किया है कि आवेदन पत्र अमान्य होने की स्थिति, मेरिट सूची, चयन प्रक्रिया एवं भर्ती संबंधी अन्य सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं विभागीय वेबसाइट पर समय-समय पर जारी की जाएंगी। इस संबंध में अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को नवीनतम जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का नियमित अवलोकन करने की सलाह दी गई है।

छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री डायलॉग चैप्टर-3 में 1.06 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव

रायपुर, 20 नवंबर.मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज रायपुर में छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री डायलॉग के तीसरे अध्याय का आयोजन किया गया। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 150 उद्योगपतियों ने भाग लिया। यह आयोजन प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के उद्योग जगत की सबसे बड़ी सहभागिताओं में से एक रहा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ को 1 लाख 6 हजार 567.8 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। कार्यक्रम में कुल 21 औद्योगिक परियोजनाओं में निवेश की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के युवाओं के लिए लगभग 29 हजार रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। इस इंडस्ट्री डायलॉग की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल और हॉस्पिटैलिटी जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेशकों की विशेष रुचि रही। कुल 21 परियोजनाओं में से 12 परियोजनाएं अर्थात लगभग 57 प्रतिशत परियोजनाएं इन क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन परियोजनाओं में 10,073.03 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है, जिससे लगभग 8 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह कार्यक्रम के माध्यम से सृजित होने वाले कुल संभावित रोजगार का लगभग 27 प्रतिशत है। ये क्षेत्र रोजगार सृजन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन क्षेत्रों में प्रति करोड़ रुपए के निवेश पर अन्य औद्योगिक क्षेत्रों की तुलना में तीन गुने से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

इंडस्ट्री डायलॉग के परिणाम दर्शाते हैं कि छत्तीसगढ़ में नए औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार को लगातार गति मिल रही है। खनिज, इस्पात और ऊर्जा जैसे परंपरागत क्षेत्रों में प्रदेश की मजबूत औद्योगिक पहचान रही है। अब इनके साथ ही रोजगार की व्यापक संभावनाओं वाले नए क्षेत्रों में भी निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। इंडस्ट्री डायलॉग के प्रत्येक आयोजन से निवेशकों का विश्वास और मजबूत हुआ है। तीसरे अध्याय की सफलता ने यह स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करने वाले उद्योगों के लिए एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश में उद्योग एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए सबसे सुविधाजनक राज्यों में शामिल हो रहा है। विशेष रूप से नए और उभरते औद्योगिक क्षेत्रों में निवेशकों द्वारा दिखाया गया विश्वास प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों की स्थापना और विस्तार के लिए त्वरित निर्णय, पारदर्शी प्रक्रियाओं तथा हर स्तर पर सहयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। निवेशकों को आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने से लेकर औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन प्रारंभ होने तक हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में केएलजे ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, आरडीबी ग्रुप, लिबर्टी शूज, प्रासिल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और ऑगमेंट न्यूट्रिएंट्स सहित अनेक प्रमुख औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से सीधे संवाद कर प्रदेश में उपलब्ध निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। छत्तीसगढ़ में निवेशकों का बढ़ता विश्वास राज्य सरकार की सरल, पारदर्शी और उद्योग अनुकूल नीतियों का परिणाम है। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए आवश्यक अनुमतियों को सरल और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से 'वन क्लिक' सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इससे निवेशकों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और अनुमतियां निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त करने की सुविधा मिलती है। राज्य की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 निवेशकों को स्पष्ट और स्थिर नीतिगत वातावरण प्रदान करती है। इसमें फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल और हॉस्पिटैलिटी जैसे रोजगार सृजन की अधिक संभावनाओं वाले उभरते क्षेत्रों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

आयुक्त ने ली एस.एल.आर.एम. सेंटर प्रभारियों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 20 नवम्बर। स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं कचरा पृथककरण के लिये जन जागरूकता लाने आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियों की गत दिवस बैठक ली। बैठक में उन्होंने दिनांक 19 नवम्बर से 27 नवम्बर 2026 तक आयोजित विशेष अभियान के लिए दिशा निर्देश देते हुए सत प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण और सोर्स सेग्रीकेशन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री मरकाम ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियो से कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष शौचालयो की स्वच्छता, पर्यावरण अनुकुलता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 19 नवम्बर को विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर 19 नवम्बर से 27 नवम्बर 2026 तक विशेष अभियान आयोजन हेतु निर्देश प्रदान किए है। निर्देश के अनुक्रम में महापौर महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा भी विशेष अभियान चलाया जाना है। आयुक्त ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियो व महिला समूह सदस्यो से कहा कि



में कहा कि निकाय अंतर्गत संचालित समस्त सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयो का अभियान के दौरान विश्लेषण करना है। शौचालयो में साफ सफाई के अलावा, पानी, बिजली, प्रकाश व्यवस्था, हाथ धोने की सुविधा, डस्टबिन, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के अलावा महिलओ, बच्चो, दिव्यांगजनों के लिए की गयी व्यवस्था का शासन मापदण्ड के अनुरूप विश्लेषण करना है। साथ ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में विशेष अभियान चलाना है और अभियान से नागरिको को जोडना है तथा नागरिको को स्वच्छता अपनाने, शौचालय का उपयोग करने, गंदगी नही फैलाने, कचरा डस्टबिन में डालने समझाईस देना है।

आयुक्त श्री मरकाम ने सेन्टर प्रभारियो से कहा कि सत प्रतिशत घरो से डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर यूजर चार्ज की वसूली करनी है और स्त्रोत पर ही कचरा पृथककरण कर देने नागरिको को जागरूक करना है। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के बारे में जानकारी देते हुए गिला, सुखा, सेनेटरी वेस्ट और घरेलू हानीकारक कचरे को घर से ही अलग अलग कर देने आम नागरिको को समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि सेन्टर में भी गिला सुखा कचरे का समुचित निपटान किया जाए तथा सेन्टरो में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखकर स्वच्छ वातावरण निर्मित किया जाए।

15 साल पुरानी जमीन की रजिस्ट्री शून्य घोषित

राजनांदगांव 20 नवम्बर। जिला प्रशासन द्वारा कृषकों के हितों के संरक्षण और राजस्व मामलों के निराकरण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव द्वारा कृषकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए करीब 15 साल पुरानी कृषि भूमि की रजिस्ट्री को शून्य घोषित किया गया है। यह प्रकरण डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम आसरा एवं ग्राम किरगी की कुल करीब 5 एकड़ कृषि भूमि से संबंधित है। प्रकरण की सुनवाई एवं जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित जमीन की रजिस्ट्री वास्तविक खरीदी-बिक्री के लिए नहीं, बल्कि ऋण के लेन-देन के दौरान दबावपूर्वक कराई गई थी। जांच में यह भी सामने आया कि कृषकों ने अपनी स्वतंत्र सहमति से जमीन का विक्रय नहीं किया था। मामले के तथ्यों एवं उपलब्ध दस्तावेजों की जांच के बाद छत्तीसगढ़ समाज के कमजोर वर्गों के कृषि भूमि धारकों का उधार देने वालों के भूमि हड़पने संबंधी कुचक्रों से परित्राण तथा मुक्ति अधिनियम, 1976 की धारा 7 (ii) के तहत ग्राम आसरा की भूमि की 11 जनवरी 2010 तथा ग्राम किरगी की भूमि की 19 जुलाई 2011 को हुई रजिस्ट्री को शून्य घोषित करने का आदेश जारी किया गया है। साथ ही राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार कर उक्त भूमि पुनः कृषकों के नाम दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

धान की कमाई से किसान राजू साहू के सपनों को मिली नई उड़ान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 20 नवम्बर। खेतों में कड़ी मेहनत कर अन्न उपजाने वाले किसानों के जीवन में शासन की किसान हितैषी योजनाएं खुशहाली और समृद्धि के नए रंग भर रही हैं। खेती से प्राप्त आमदनी अब केवल परिवार के भरण-पोषण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि किसानों के बड़े सपनों को भी साकार कर रही है। इसकी प्रेरणादायक मिसाल हैं, राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड़ निवासी किसान श्री राजू साहू। जिन्होंने धान की खेती से प्राप्त आमदनी से ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण खरीदने के साथ ही अपने परिवार के लिए नया घर भी बनवाया है। उनकी यह सफलता खेती से आत्मनिर्भरता और आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ते कदमों की सुखद कहानी बयां करती है। किसान श्री राजू साहू ने बताया कि वे आज धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में 50 क्विंटल धान विक्रय करने पहुंचे है। उनके पास स्वयं की साढ़े 7 एकड़ कृषि भूमि है। इसके अलावा वे रेगहा एवं अधिया में भी जमीन लेकर खेती करते हैं, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी प्राप्त होती है। खेती ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य आधार है। उन्होंने बताया कि मोबाइल के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन टोकन प्राप्त करने की सुविधा बहुत उपयोगी है। अब टोकन के लिए समिति के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। उन्होंने उपार्जन केन्द्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बताया कि यहां किसानों के लिए पेयजल, छांव सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। पर्याप्त हमालों की व्यवस्था होने से धान की तौलाई एवं बोरियों की



छल्ली लगाने का कार्य समय पर हो रहा है। समिति के कर्मचारी भी पूरा सहयोग कर रहे हैं। धान विक्रय के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। शासन द्वारा समर्थन मूल्य से धान खरीदी और कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत मिलने वाली आदान सहायता से उनकी आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पिछले वर्ष धान विक्रय से प्राप्त राशि से उन्होंने ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि उपकरण खरीदे। इसके साथ ही अपने परिवार के लिए नया घर भी बनवाया। खेती से होने वाली आमदनी ने उनके परिवार की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही वर्षों से संजोए सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

किसान श्री राजू साहू ने बताया कि वे खरीफ मौसम में धान की खेती के साथ ही रबी मौसम में कम पानी की आवश्यकता वाली दलहन फसलों की खेती भी करते हैं। इससे सिंचाई के लिए पानी की खपत कम होती है और अच्छी पैदावार प्राप्त होती है। फसल विविधीकरण अपनाने से खेती की लागत कम करने और अतिरिक्त आमदनी प्राप्त करने में मदद मिल रही है। उन्होंने शासन द्वारा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि शासन की इस पहल से दलहन एवं तिलहन उत्पादक किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिल रही है।

किसान श्री राजू साहू ने बताया कि कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत प्रति एकड़ 13 हजार 839 रूपए की आदान सहायता मिलने से किसानों को अतिरिक्त आर्थिक संबल मिल रहा है।

विश्व शौचालय दिवस पर आकांक्षीय शौचालय का लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 20नवंबर। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर माननीय महापौर श्रीमती मीनल चौबे द्वारा वार्ड क्रमांक 22 स्थित बंजारी माता मंदिर के समीप नव-निर्मित आकांक्षीय शौचालय का लोकार्पण किया गया। यह शौचालय स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगर निगम रायपुर एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मध्य संपादित एमओयू (MoU) के तहत निर्मित किया गया है।इस अभिनव पहल के अंतर्गत शौचालय निर्माण का कार्य नगर निगम रायपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत कराया गया है, जबकि निर्माण हेतु भूमि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई है। शौचालय का संचालन एवं रखरखाव विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। यह मॉडल विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं के विस्तार का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।यह 6-सीटर आकांक्षीय शौचालय आधुनिक तकनीक एवं नागरिक सुविधाओं से युक्त है। इसमें सेंसर आधारित स्वचालित नल, शिशु आहार कक्ष



(बेबी फीडिंग रूम), केयरटेकर कक्ष, सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन, सेनेटरी वेस्ट इंसिनरेटर, दिव्यांगजनों हेतु विशेष सुविधाएं तथा बच्चों के लिए अनुकूल व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुलभ वातावरण सुनिश्चित किया गया है।इस अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सचितानंद शुक्ल, एमआईसी सदस्य (स्वास्थ्य) श्रीमती गायत्री चंद्राकर, एमआईसी सदस्य (लोककर्म) श्री दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य (उद्यान) श्री भोला राम साहू, जोन अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, वार्ड क्रमांक 22 की पार्षद श्रीमती मीना ठाकुर, वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद श्री आनंद अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद श्री प्रकाश जगत तथा नगर निगम रायपुर के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।माननीय महापौर ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के उद्देश्यों के अनुरूप आधुनिक एवं समावेशी सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं का विस्तार नगर निगम की प्राथमिकता है तथा ऐसे नवाचार नगर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं नागरिक-अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कांग्रेस भवन में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

तिल्दा-नेवरा। देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं भारत की सशक्त नेता स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस भवन तिल्दा में शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तथा मंडल कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी जी के



छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान "जब तक सूरज चांद रहेगा, इंदिरा गांधी तेरा नाम रहेगा", "इंदिरा गांधी अमर रहें" जैसे नारों से कांग्रेस भवन गूंज उठा। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों, आदर्शों और देश के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू ने कहा कि इंदिरा गांधी जी का देश के विकास, राष्ट्रीय एकता और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान अविस्मरणीय है। उनके साहसिक नेतृत्व, दृढ़ इच्छाशक्ति और देश के प्रति समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजितेश शर्मा , मंडल अध्यक्ष गोवर्धन यदु, विजय हरिरामानी, जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील सोनी, पूर्व एल्डरमैन दिलीप देवांगन, नीरज राठी, निर्मल सोनी, अनुप रावनी, हेमलाल साहू, द्वारिका शर्मा, कैलाश गांधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कचरा फैलाने वालों का ई चालान

रायपुर.रायपुर नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 क्षेत्र के अंतर्गत जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चन्द्रवंशी द्वारा कार्यपालन अभियंता श्री शेखर सिंह एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पूरन कुमार तांडी की उपस्थिति में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सघन निरीक्षण किया गया।सघन निरीक्षण के दौरान सांस्कृतिक धरोहर के पास कचरा एवं गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर सख्त रवैया अपनाते हुए एलिमेंट्स 999 (संचालक अनुराग गोलछा) पर 25,000 रूपये, सुपर स्वीट्स संचालक पर 5,000 रूपये, गुप्ता नाश्ता सेंटर पर 3,000 रूपये, जिम दुकान पर 500 रूपये, 5. चौहान नाश्ता दुकान पर 1,500 रूपये कुल 35000 रूपये की ई चालान कार्रवाई सम्बंधित 5 दुकान संचालकों को भविष्य के लिए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए की गयी.

दूध का पनीर या वनस्पति सामग्री से बना कृत्रिम पनीर?

1500 किलो संदिग्ध खेप पकड़ने से खाद्य सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

साल्हेवारा*खैरागढ़-छुईखदान-गंडई। आम आदमी अपनी थाली में जिस पनीर को पौष्टिक और प्रोटीन से भरपूर दुग्ध उत्पाद समझकर खा रहा है, क्या वह वास्तव में दूध से बना पनीर है? कहीं दूध से तैयार होने वाले प्राकृतिक पनीर के नाम पर वनस्पति तेल, वसा और अन्य गैर-दुग्ध सामग्री से बना कृत्रिम पनीर तो नहीं परोसा जा रहा? खाद्य सुरक्षा से जुड़ा यह सवाल उस समय और गंभीर हो गया, जब मध्यप्रदेश से रायपुर जा रही लगभग 1500 किलोग्राम संदिग्ध पनीर की बड़ी खेप साल्हेवारा में पुलिस की सतर्कता से पकड़ ली गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की तत्परता से अब इस पूरे मामले की जांच और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम करीब सात बजे साल्हेवारा थाना के सामने चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने भोपाल से रायपुर की ओर जा रही महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 04 डब्ल्यूयू 8384 को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली। वाहन की जांच करने पर उसमें पनीर से भरे 30 कार्टून मिले। प्रत्येक कार्टून में लगभग 50-50 किलो पनीर रखा हुआ था। इस प्रकार कुल करीब 1500 किलोग्राम पनीर का परिवहन किया जा रहा था। साल्हेवारा पुलिस ने वाहन चालक शिशुपाल से पूछताछ की। चालक के अनुसार पनीर की यह खेप मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित माखन डेयरी से रायपुर ले जाई जा रही थी। इसे रायपुर के महागांव क्षेत्र स्थित आशीष जायसवाल की दुकान तक पहुंचाया जाना था। वहीं, विभागीय जानकारी के अनुसार यह खेप रायपुर के वॉलफोर्ट सिटी स्थित बालाजी एंटरप्राइजेज के लिए भेजी जा रही थी। पनीर की शुद्धता से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने के बाद मामला खाद्य सुरक्षा से जुड़ी जांच के दायरे में आ गया। साल्हेवारा थाना पुलिस ने संदिग्ध खाद्य सामग्री की जानकारी तत्काल खाद्य विभाग को दी। इसके बाद वाहन को जिला मुख्यालय लाकर खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच की कार्रवाई की गई। पुलिस की नियमित वाहन जांच और चेकपोस्ट पर सतर्क निगरानी के चलते इतनी बड़ी खेप रायपुर पहुंचने से पहले ही पकड़ में आ गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) एवं जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के उप संचालक डॉ. अनिल शुक्ला ने बताया कि संबंधित बालाजी एंटरप्राइजेज के विरुद्ध पूर्व में भी रायपुर में कार्रवाई हो चुकी है। इस बार विभाग पहले से ही अलर्ट मोड पर था। मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आने वाली खाद्य सामग्री की निगरानी और सतर्कता के चलते संदिग्ध पनीर की इस खेप को रास्ते में ही पकड़ लिया गया।

डॉ. शुक्ला के अनुसार, मामले की सूचना रात में ही रायपुर प्रशासन को दे दी गई थी। अब प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार के संदिग्ध एवं प्रतिबंधात्मक खाद्य उत्पादों की आपूर्ति रोकने के लिए विभाग की निगरानी लगातार जारी रहेगी। जिला सीमाओं और राज्य की सीमाओं पर भी जांच एवं निगरानी अभियान चलाया जाएगा। संबंधित फर्म पर पूर्व में भी कार्रवाई होने की जानकारी सामने आने के बाद अब इस बात को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर खाद्य सुरक्षा से जुड़े ऐसे मामलों पर प्रभावी नियंत्रण कैसे सुनिश्चित किया जाए, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक संदिग्ध खाद्य सामग्री न पहुंचे।

राजनीति में जो कहा,वही कसौटी बन जाता है

राजनीति में कई नेता ऐसे होते हैं जो बातें बड़ी बड़ी करते हैं लेकिन जब उस पर अमल करने का मौका आता है खुद अमल नहीं करते हैं तो जो जो बड़ी बड़ी बातें उन्होंने पिछले दिनों,महीनों या सालों में कही होती हैं,वही उनके लिए कसौटी बन जाती है और जनता उस कसौटी पर नेता को कसती है तो पाती है कि यह नेता तो वैसा नहीं है जैसा यह पहले कहा कहता था,यह तो खुद को सब नेताओं से अलग कहता था,कहता था जो सब नेता करते हैं वह नही करेंगे।लेकिन निरंतर सत्ता में रहने पर बाद में वह भी वही सब करने लगा तो जनता के सामने यह बात आईने की तरह साफ हो गई कि यह नेता भी कोई विशेष नेता नहीं,यह नेता भी आम नेताओं की तरह झूठ कहने का आदी है और जनता चुनाव में ऐसे नेता को अच्छा सबक सिखाती है ताकि दूसरे ऐसे नेता सावधान हो जाएं जो जैसे नहीं है,वैसा खुद को जनता के सामने न बताएं। दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ऐसे ही नेता थे, वह खुद का आदर्श नेता बताते थे,थे नहीं इसलिए जनता ने उन्हको उन्के शीशमहल का आईन्ा दिखाकर अच्छा सबक सिखाया है।

बड़बोले नेता को उसकी एक गलती कितनी महंगी पड़ती है,केजरीवाल का शीशमहल इसका अच्छा उदाहरण है। नेताओं को लगता है कि उनकी एक बार की गलती की सजा तो उनको मिल गई,अब उस गलती को अगले चुनाव तक जनता भूल जाएगी और अगले चुनाव में उसकी गलती की सजा नहीं मिलेगी।लेकिन नेताओं की कुछ गलतियां ऐसी होती हैं,उसके कारण एक नहीं कई बार जनता सजा देती है,बशर्ते उसकी गलती को हर चुनाव मे जनता को याद दिलाया जाए।भाजपा ने केजरीवाल के शीशमहल को केजरीवाल की सबसे बड़ी गलती के रूप में बनाए रखा है और उसे अब जनता के देखने के लिए खोलकर मास्टरस्ट्रोक चल दिया है। यानी केजरीवाल के शीशंमहल को अब दिल्ली के लोग टिकट खरीदकर देखने जाएंगे। इससे एक तरफ को दिल्ली की भाजपा सरकार को आय होगी और दूसरे दिल्ली को जनता को याद आएगा कि केजरीवाल ने क्या कहा था और जब करने का मौका आया तो क्या किया। पहले नेता की गलतियों को लोग एक चुनाव के बाद दूसरे चुनाव तक भूल जाते थे। लेकिन अब सोशल मीडिया का जमाना है, नेता जो कुछ कहते हैं,सब मिनटों मे लोगों को मिल जाता है, इसलिए अब चुनाव के वक्त वह सारी बातें सोशल मीडिया पर आ जाती है जो नेता ने पिछले कई चुनावों में कहा था और उस पर अमल नहीं किया या उसके विपरीत काम किया। यानी बातें ईमानदारी की और बेईमानी आम नेताओं से ज्यादा की ।कहा सत्ता मिलने पर साधारण फ्लैट रहेंगे और तीसरे चुनाव में जीत मिलने पर अपने लिए करोड़ो का शीशमहल बनवा लिया। जनता के बीच केजरीवाल ने खुद को आम लोगों का सीएम कहा लेकिन जब रहने के लिए शीशमहल बनवाया तो पोल खुल गई कि यह भी जनता के पैसे पर राजा की तरह रहना चाहता है। केजरीवाल को दूसरे सीएम की तरह बड़े बंगले, करोड़ों के घर में रहना था तो जनता से नहीं कहना था कि वह आम आदमी का सीएम है और आम आदमी के सीएम की तरह एक फ्लैट में ही रहेगा। जनता को याद है कि २०१३ में केजरीवाल के सीएम पर केजरीवाल व उनके छ मंत्रियों ने कहा था कि वह सरकारी बंगलों में नहीं रहेंगे,मामूली फ्लैट में रहेंगे,वीआईपी संस्कृति समाप्त करेंगे,सादगी से रहेंगे, भ्रष्टाचार खत्म करेंगे,सरकारी खर्च मे कटौती करेंगे। लेकिन तीसरे कार्यकाल में अपनी कही गई तमाम बातों के विपरीत केजरीवाल व आप नेताओं का आचरण रहा।शीशमहल उनके कहे के विपरीत आचरण का सबसे अच्छा उदाहरण है।भाजपा ने यह काम अच्छा किया है, उसके सीएम या नेताओं को शीशमहल में रहने का लोभ पैदा नहीं हुआ और उसे केजरीवाल के कहे के विपरीत आचरण के उदाहरण के रूप में बनाए रखा। अब दिल्ली सरकार ने फैसला किया है कि वह जनता को दिखाएगी की केजरीवाल ने कहा था कि वह सादगी से रहना चाहते हैं तो केजरीवाल की सादगी से रहने के लिए अपने निवास मे किस किस काम में करोड़ो रूपए कैसे खर्च किए थे। दिल्ली की जनता टिकट लेकर देखेगी कि उसके पैसे का केजरीवाल ने कैसा इस्तेमाल आम आदमी के सीएम के रहने के लिए किया है। कितने करोड़ की कालीन है, कितने करोड़ के परदे हैं, बैठकी कितने करोड़ की है,किचन कितने करोड़ का है, लेट्रिन बाथरूम कितने करोड़ का है, देश से विदेशी सामान कौन कौन सा लगाया गया है।इससे जनता को याद रहेगा अगले चुनाव तक केजरीवाल कैसा सीएम था यानी जनता से निरंतर झूठ बोलने वाला सीएम कोई है तो केजरीवाल है,यानी एक शीशमहल के कारण केजरीवाल एक चुनाव तो हारे ही है, दूसरा चुनाव दिल्ली में हारेंगे तो उसका एक कारण शीशमहल भी होगा। विरोधी की गलती का फायदा तो राजनीति में सब उठाते हैं लेकिन केजरीवाल की गलती का जैसा फायदा भाजपा उठाने जा रही है, वह देश की राजनीति में एक ऐसा उदाहरण जिसे भारतीय राजनीति में कम ही मिलता है, भाजपा के राजनीतिक दांव को ठीक समय पर चलने के लिए इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा और नेताओं के लिए सबक होगा कि आप जैसा कहते हो वैसा करो या फिर जैसा कर नहीं सकते वैसा कहो मत।

21 नवंबर विश्व टेलीविजन दिवस

बुद्धू बक्से से स्मार्ट मंच तक : टेलीविजन का बदलता सफर

सुनील कुमार महला।

आज इंटरनेट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का युग है। कभी 'बुद्धू बक्सा' कहा जाने वाला टेलीविजन आज इंटरनेट और आधुनिक तकनीक की मदद से एक स्मार्ट और संवादात्मक मंच बन चुका है। टेलीविजन सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का ऐसा सशक्त माध्यम रहा है, जिसने समाज को जोड़ने, लोगों को जागरूक करने और जनमत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तकनीक के बदलते दौर में भी इसकी उपयोगिता और महत्त्व कम नहीं हुआ है।प्रत्येक वर्ष 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसंबर 1996 को प्रस्ताव संख्या 51/205 के माध्यम से की थी। दरअसल, 21 और 22 नवंबर 1996 को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में प्रथम विश्व टेलीविजन मंच आयोजित किया गया था। इसी आयोजन की स्मृति में संयुक्त राष्ट्र ने 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उस समय टेलीविजन परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर दुनिया को देखने और समझने का एक साझा माध्यम हुआ करता था।आज इंटरनेट, डिजिटल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में टेलीविजन का स्वरूप भले ही बदल गया हो, लेकिन यह न तो समाप्त हुआ है और न ही अप्रासंगिक हुआ है। बल्कि इसने समय और तकनीक के साथ स्वयं को विकसित किया है।



विश्व टेलीविजन दिवस मनाने के प्रमुख उद्देश्य

इस दिवस को मनाने के पीछे कई महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं। इनमें जनसंचार को बढ़ावा देना प्रमुख है, ताकि सूचनाओं और विचारों का अधिक से अधिक आदान-प्रदान हो सके। इसके साथ ही शिक्षा का प्रसार करना तथा ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना भी इसका उद्देश्य है। यह दिवस विभिन्न देशों, संस्कृतियों और समाजों के बीच आपसी समझ, सहयोग और सद्भाव विकसित करने का संदेश देता है। इसके माध्यम से स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तीकरण, बाल अधिकार और सामाजिक समस्याओं जैसे विषयों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया जाता है।इसके अलावा स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता को प्रोत्साहित करना, विश्वसनीय एवं तथ्यपरक सूचनाओं का प्रसारण सुनिश्चित करना तथा विभिन्न भाषाओं, परंपराओं, कलाओं और सांस्कृतिक विरासत को व्यापक मंच प्रदान करना भी इसके प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है।

टेलीविजन का बदलता स्वरूप और आज का दौर

डिजिटल क्रांति, इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में टेलीविजन केवल समाचार और मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है। आज यह शिक्षा, ज्ञान, व्यापार, खेल, विज्ञान और वैश्विक संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। घर बैठे देश-दुनिया की घटनाओं को



देखना, ऑनलाइन कक्षाओं से जुड़ना, खेल प्रतियोगिताओं का सीधा प्रसारण देखना और विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त करना अब आसान हो गया है। टेलीविजन के तकनीकी सफर पर नजर डालें तो इसकी शुरुआत ब्लैक एंड व्हाइट यानी श्वेत-श्याम प्रसारण से हुई थी। इसके बाद रंगीन टेलीविजन का दौर आया। फिर एलसीडी, एलईडी और स्मार्ट टीवी ने इसकी दुनिया बदल दी। आज इंटरनेट आधारित स्मार्ट टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से दर्शक अपनी पसंद के कार्यक्रम किसी भी समय देख सकते हैं। इस तरह टेलीविजन अब केवल देखने का माध्यम नहीं, बल्कि दर्शकों की पसंद के अनुसार सामग्री उपलब्ध कराने वाला एक संवादात्मक मंच बन गया है।

टेलीविजन शब्द का अर्थ और कुछ रोचक तथ्य

टेलीविजन शब्द दो अलग-अलग भाषाओं के मूल शब्दों से मिलकर बना है। इसमें 'टेली' ग्रीक भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है 'दूर' और 'विजन' लैटिन मूल का शब्द है, जिसका अर्थ है 'देखना'। इस प्रकार टेलीविजन का अर्थ हुआ दूर बैठे किसी दृश्य को देखना। भारत में टेलीविजन प्रसारण का इतिहास भी काफी रोचक है। देश में 15 सितंबर 1959 को दिल्ली में प्रायोगिक टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत हुई थी। यह प्रयोग यूनेस्को की सहायता से किया गया था। प्रारंभ में इसका उद्देश्य शिक्षा और विकास से जुड़ी जानकारी लोगों तक पहुंचाना था। वर्ष 1965 में यह नियमित टेलीविजन सेवा बन गया। वर्ष 1976 में दूरदर्शन को आकाशवाणी से अलग करके स्वतंत्र विभाग बनाया गया। इसके बाद 15 अगस्त 1982 को भारत में रंगीन टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत हुई। उस वर्ष आयोजित एशियाई खेलों के प्रसारण ने रंगीन टेलीविजन को देशभर में लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।टेलीविजन के इतिहास की एक और यादगार घटना 20 जुलाई 1969 की है। इसी दिन अपोलो-11 मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग ने पहली बार चंद्रमा की सतह पर कदम रखा था। इस ऐतिहासिक घटना का टेलीविजन पर सीधा प्रसारण किया गया था। दुनिया के करोड़ों लोगों ने घर बैठे मानव इतिहास की इस बड़ी उपलब्धि को देखा था।बहुत कम लोग जानते होंगे कि दूरदर्शन का प्रसिद्ध आंखों जैसा प्रतीक चिह्न 1970 के दशक में विकसित किया गया था। समय के साथ यह भारतीय टेलीविजन की एक विशिष्ट पहचान बन गया।इसी तरह वर्ष 1975-76 में सैटेलाइट इंस्ट्रक्शनल टेलीविजन एक्सपेरिमेंट (एसआईटीई) के तहत नासा और इसरो के सहयोग से छह राज्यों के लगभग 2,400 गांवों तक शैक्षिक कार्यक्रम पहुंचाए गए थे। इस प्रयोग का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और विकास से जुड़ी जानकारियों का प्रसार करना था।वहीं, 1990 के दशक में केबल और सैटेलाइट चैनलों के आगमन ने भारतीय टेलीविजन की दुनिया में बड़ा बदलाव ला दिया। दर्शकों को पहली बार अनेक निजी और विदेशी चैनलों के विकल्प मिलने लगे। इससे समाचार, मनोरंजन, खेल और अन्य कार्यक्रमों के प्रसारण में विविधता आई तथा टेलीविजन का विस्तार तेजी से हुआ।

बदलते दौर में टेलीविजन के समक्ष चुनौतियां

आज के बदलते समय में टेलीविजन के सामने कई चुनौतियां भी हैं। डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया की बढ़ती लोकप्रियता के बीच अपनी प्रासंगिकता बनाए रखना इसकी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। आज दर्शकों के पास मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से सूचनाएं प्राप्त करने के अनेक विकल्प हैं। ऐसे में टेलीविजन को अपनी सामग्री और प्रस्तुति में निरंतर सुधार करना होगा।दूसरी ओर, टीआरपी की अंधी दौड़ में पत्रकारिता के मूल्यों, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। फर्जी खबरों, भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों के प्रसार पर अंकुश लगाना समय की मांग है। समाचारों को सनसनीखेज बनाने के बजाय तथ्यपरक और जनहितकारी सामग्री को प्राथमिकता देनी होगी।इसके साथ ही, मनोरंजन के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता, हिंसा और नकारात्मकता से बचना आवश्यक है। बच्चों और युवाओं के लिए ज्ञानवर्धक, रचनात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर विशेष ध्यान देना होगा। तकनीकी बदलावों और दर्शकों की बदलती रुचियों के अनुरूप स्वयं को विकसित करना भी जरूरी है।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टेलीविजन को व्यावसायिक हितों से ऊपर उठकर सामाजिक सरोकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनविश्वास की रक्षा करनी होगी। तभी यह समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का सही निर्वहन कर सकेगा।

राशिफल

मेष राशिः आज भाग्य का साथ मिलने से तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर लिए गए फैसले लाभकारी रहेंगे। निवेश से पहले पूरी जानकारी हासिल करें। कार्यक्षेत्र में मेहनत और उत्साह की सराहना होगी। प्रेम जीवन में मधुरता बढ़ेगी। संतान के साथ भावनात्मक जुड़ाव मजबूत करें। व्यस्तता के बीच सेहत का ध्यान रखें।

वृषभ राशिः आज आपकी योजनाएं सफलता की दिशा में आगे बढ़ेंगी। कार्यक्षेत्र में मेहनत और निर्णय क्षमता से मान-सम्मान बढ़ सकता है। परिवार में मांगलिक आयोजन या शुभ समाचार से खुशी का माहौल रहेगा। यात्रा के दौरान कोई उपयोगी जानकारी मिल सकती है। गुस्से और बेवजह की बहस से बचें।

मिथुन राशिः आज व्यक्तित्व और कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। घर में अच्छी खबर मिलने से उत्साह रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों को महत्व मिल सकता है और वरिष्ठ अधिकारी सराहना कर सकते हैं। पिता की सलाह भविष्य में किसी महत्वपूर्ण फैसले में उपयोगी साबित होगी।

कर्क राशिः सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के संकेत हैं। नया वाहन या घर से जुड़ी बड़ी खरीदारी करने का विचार बन सकता है। जरूरतमंद मित्र की मदद करने का अवसर मिलेगा। पुराने लेन-देन का मामला सामने आ सकता है। सरकारी कामकाज में देरी की आशंका है, इसलिए धैर्य रखें और दस्तावेजों पर ध्यान दें।

सिंह राशिः आज मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। कार्यक्षेत्र और कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। निवेश से पहले पूरी जानकारी जुटाएं। प्रेम जीवन में मधुरता बढ़ेगी और अविवाहित लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। धार्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। घर में शुभ कार्य की योजना बन सकती है।

कन्या राशिः मेहनत और जिम्मेदारी निभाने का तरीका आपको अलग पहचान दिला सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम की सराहना होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें और गैरजरूरी खर्च से बचें। मधुर वाणी से रिश्तों के मतभेद सुलझेंगे। विरोधियों की गतिविधियों से विचलित न हों।

तुला राशिः दूरदर्शिता से लिया गया फैसला भविष्य में लाभकारी साबित हो सकता है। कारोबार की पुरानी योजनाएं सकारात्मक परिणाम दे सकती हैं। जीवनसाथी के साथ समय बिताने से रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। गुस्से और काम टालने की आदत से बचें। आर्थिक संतुलन बनाए रखें और जिम्मेदारियां समय पर पूरी करें।

वृश्चिक राशिः आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी मामलों में सावधानी बरतें। पैसों से जुड़े फैसले जल्दबाजी में न लें। पुराने विवाद का अंत होने से राहत मिलेगी। मित्र से मुलाकात पुरानी यादें ताजा कर सकती है। विरोधियों से सतर्क रहें और निजी योजनाएं हर किसी से साझा न करें।

धनु राशिः आज सफलता और सम्मान मिलने के अच्छे संकेत हैं। मेहनत से किए गए कामों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। कारोबार की पुरानी उलझनें दूर हो सकती हैं। संपत्ति खरीदने की दिशा में प्रगति होगी। बड़े आर्थिक फैसले से पहले दस्तावेजों की जांच करें। विद्यार्थियों का पढ़ाई से जुड़ा तनाव कम हो सकता है।

मकर राशिः आज महत्वपूर्ण फैसलों में जल्दबाजी न करें। असमंजस की स्थिति में अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना लाभकारी रहेगा। नया काम शुरू करने की योजना बन सकती है, जो भविष्य में अच्छा लाभ दे सकती है। विवादों और अनावश्यक बहस से दूर रहें। मनोरंजन या छोटी यात्रा से मन को ताजगी मिलेगी।

कुंभ राशिः आज छोटी-मोटी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में सतर्क रहें और अपनी जिम्मेदारियां ईमानदारी से निभाएं। बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। पुरानी गलतियों से सीख लेकर फैसले करें। सेहत के प्रति लापरवाही न बरतें और व्यस्तता के बीच आराम तथा खानपान का ध्यान रखें।


मीन राशिः आज सकारात्मक सोच और उत्साह से कामकाज में गति आएगी। लंबे समय से अटका पैसा वापस मिलने की संभावना है। कारोबार की पुरानी योजनाएं आगे बढ़ेंगी। परिवार में अच्छी खबर या सरप्राइज मिलने से खुशी का माहौल रहेगा। सरकारी कामकाज में सफलता के संकेत हैं। लगातार मेहनत और सही रणनीति से अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

राजनीति

यूपी की सियासी बिसात पर ठाकुर नेताओं की नई लामबंदी

संजय सक्सेना,लखनऊ,

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा से सत्ता की चाबी रहे हैं। लेकिन नवंबर 2026 की सर्द हवाओं के बीच प्रदेश के सियासी गलियारों में एक नई गर्माहट महसूस की जा रही है। यह गर्माहट किसी एक राजनीतिक दल के दफ्तर से नहीं, बल्कि धार्मिक मंचों, व्यक्तिगत सुख-दुख के आयोजनों और बेबाक बयानों से निकल रही है। केंद्र में हैं कैसरगंज से पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और प्रतापगढ़ की कुंडा रियासत के दिग्गज नेता व जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के प्रमुख रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया। हाल ही में कुंडा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की रामकथा के मंच से बृजभूषण शरण सिंह द्वारा राजा भैया के समर्थन में दिए गए बयान और उन्नाव कांड में सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के परिवार के पक्ष में खड़े होने के ऐलान ने एक बड़े राजनीतिक विमर्श को जन्म दे दिया है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले उत्तर प्रदेश में ठाकुर (क्षत्रिय) नेतृत्व राजनीतिक दलों की सीमाओं से ऊपर उठकर एक नई सामाजिक और राजनीतिक गोलबंदी कर रहा है? इस पूरे घटनाक्रम की सबसे ताजा तस्वीर प्रतापगढ़ जिले के कुंडा में देखने को मिली। कुंडा विधायक राजा भैया के संयोजन में आयोजित बागेश्वर महाराज की रामकथा में जब पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे, तो मंच का नजारा केवल धार्मिक नहीं रह गया। मंच से बृजभूषण शरण सिंह ने राजा भैया का हाथ पकड़कर भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा कि राजा भैया का दबदबा पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने दोनों नेताओं के बीच दरार डालने की कोशिश करने वालों को भी कड़ा संदेश दिया। राजनीतिक विश्लेषकों के लिए यह दृश्य बेहद महत्वपूर्ण है। कुछ समय पहले तक सोशल मीडिया और सियासी गलियारों में इस बात पर बहस छिड़ी हुई थी कि पूर्वांचल और अवध की राजनीति में ठाकुरों का सबसे बड़ा चेहरा कौन है बृजभूषण शरण सिंह या राजा भैया? जनवरी 2026 में गोंडा में बृजभूषण शरण सिंह द्वारा आयोजित राष्ट्रकथा में जब राजा भैया नहीं पहुंचे थे, तब दोनों के बीच अघोषित प्रतिस्पर्धा की अटकलें लगाई गई थीं। लेकिन कुंडा पहुंचकर बृजभूषण ने न केवल उन अटकलों पर विराम लगाया, बल्कि यह स्पष्ट कर दिया कि वे राजा भैया को अपना सुख-दुख का साथी मानते हैं। इस मंच पर पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जैसे नेताओं की मौजूदगी ने इस जमावड़े को और भी खास बना दिया। कुंडा के कार्यक्रम के ठीक आसपास बृजभूषण शरण सिंह का एक और बयान सुर्खियों में आया, जिसने राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया। उन्नाव दुष्कर्म कांड में सजा काट रहे पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के परिवार को लेकर बृजभूषण ने खुले तौर पर कहा कि यदि सेंगर के परिवार से कोई भी व्यक्ति चुनाव मैदान में उतरता है, तो वे पूरी मजबूती के साथ उसके साथ खड़े होंगे और समर्थन करेंगे। इससे पहले भी जब सेंगर को कोर्ट से राहत या जमानत से जुड़ी खबरें आई थीं, तब बृजभूषण ने उनके समर्थन में बयान देते हुए कहा था कि सेंगर के खिलाफ उसी तरह षड्यंत्र रचा गया, जैसा उनके (बृजभूषण) खिलाफ रचा गया था। बृजभूषण का यह रुख कई मायनों में अहम है। कुलदीप सिंह सेंगर को भाजपा पहले ही पार्टी से निष्कासित कर चुकी है, और मुख्यधारा के राजनीतिक दल इस मामले पर खुलकर बोलने से बचते हैं। ऐसे में भाजपा के ही एक दिग्गज पूर्व सांसद द्वारा सेंगर परिवार के लिए चुनावी समर्थन का ऐलान करना इस बात का संकेत है कि यह राजनीति पार्टी लाइन से हटकर 'बिरादरी और व्यक्तिगत संबंधों' के आधार पर आगे बढ़ रही है। यह बयान सीधे तौर पर उन्नाव और आसपास के क्षेत्रों के क्षत्रिय मतदाताओं को एक भावनात्मक संदेश देने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में ठाकुर नेताओं की यह एकजुटता केवल बृजभूषण शरण सिंह और राजा भैया तक सीमित नहीं है। पिछले एक साल के भीतर हुए विभिन्न पारिवारिक, सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में पूर्वांचल से लेकर मध्य यूपी तक के कई प्रभावशाली ठाकुर चेहरे एक साथ नजर आए हैं। जौनपुर के पूर्व सांसद और पूर्वांचल की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले धनंजय सिंह इस पूरे समीकरण की एक अहम कड़ी हैं। गोंडा में बृजभूषण शरण सिंह की राष्ट्रकथा में धनंजय सिंह की प्रमुख मौजूदगी ने यह दिखाया कि पूर्वांचल और देवीपाटन मंडल के ये दोनों दिग्गज एक ही धुरी पर खड़े हैं। वाराणसी और चंदौली क्षेत्र में प्रभाव रखने वाले पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह और एमएलसी विनीत सिंह जैसे नेताओं का भी इन दिग्गजों से गहरा सामाजिक जुड़ाव रहा है। गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह (जो समाजवादी पार्टी से बगावत कर चुके हैं) और मिर्जापुर व आसपास के जिलों के कई क्षत्रिय जनप्रतिनिधि भी समय-समय पर इन सामाजिक मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे हैं। हालांकि धनंजय सिंह और अभय सिंह के बीच पुरानी राजनीतिक अदावत रही है, लेकिन व्यापक बिरादरी के मंचों और बृजभूषण जैसे वरिष्ठ नेताओं के साथ इन सभी के व्यक्तिगत समीकरण मजबूत दिखाई देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि बृजभूषण शरण सिंह भाजपा में रहते हुए भी समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की तारीफ करने से नहीं चूकते। वहीं राजा भैया अपनी अलग पार्टी (जनसत्ता दल) चलाते हैं, धनंजय सिंह जदयू से जुड़े रहे हैं, और अभय सिंह सपा के बागी विधायक हैं। इसके बावजूद इन सभी नेताओं के बीच का संवाद और एक-दूसरे के प्रति समर्थन बेहद सहज है। इस सवाल का जवाब उत्तर प्रदेश की बदलती सामाजिक-राजनीतिक संरचना में छिपा है। 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद से ही उत्तर प्रदेश में सवर्ण और विशेष रूप से ठाकुर मतदाताओं की नाराजगी या असंतोष की खबरें चर्चा में रही हैं। पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक कई क्षत्रिय पंचायतों का आयोजन हुआ, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा समाज की अनदेखी का मुद्दा उठाया गया। बृजभूषण शरण सिंह, राजा भैया, धनंजय सिंह और कुलदीप सेंगर जैसे नेताओं के समर्थकों के बीच यह धारणा गहरी होती जा रही है कि विभिन्न राजनीतिक दल जरूरत पड़ने पर इन नेताओं का उपयोग करते हैं, लेकिन संकट के समय या टिकट बंटवारे में इन्हें किनारे कर दिया जाता है। उदाहरण के लिए, 2024 के लोकसभा चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह का टिकट कटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को दिया गया। कुलदीप सेंगर का परिवार राजनीतिक हाशिए पर है, और धनंजय सिंह को भी कानूनी व राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसी पृष्ठभूमि में इन नेताओं ने अपनी सियासी प्रासंगिकता और 'दबदबा' बनाए रखने के लिए एक नया रास्ता अख्तियार किया है। यह रास्ता है गैर-राजनीतिक मंचों के जरिए राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन। रामकथा, राष्ट्रकथा, जन्मदिन समारोह और पारिवारिक आयोजनों के बहाने ये नेता एक मंच पर जुटते हैं, शक्ति प्रदर्शन करते हैं और अपने समाज को यह संदेश देते हैं कि वे एकजुट हैं। हाल ही में योगी सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा धनंजय सिंह, बृजेश सिंह और अभय सिंह को लेकर दिए गए विवादित बयान ('दरबारी' कहने) पर जिस तरह से ठाकुर समाज और इन नेताओं के समर्थकों में तीखी प्रतिक्रिया हुई, उसने भी इस एकजुटता को हवा दी है।इसमें कोई दो राय नहीं है कि उत्तर प्रदेश में ठाकुर राजनीति इस समय एक नए मोड़ पर खड़ी है। बृजभूषण शरण सिंह का कुंडा जाकर राजा भैया के कसीदे पढ़ना और कुलदीप सेंगर के परिवार को खुला समर्थन देना महज संयोग नहीं है। यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य किसी एक राजनीतिक दल का पिछलग्गू बनने के बजाय अपनी स्वतंत्र राजनीतिक ताकत और सौदेबाजी की क्षमता को बढ़ाना है।



नकली चाबी (व्यंग्य)

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

रात के ठीक दो बजकर पैंतीस मिनट पर शहर के बाहरी इलाके में खड़े एक वीरान, अधबने कंक्रीट के ढांचे की सोलहवीं मंजिल पर एक टार्च की मद्धिम रोशनी चमकी। नीचे मुख्य द्वार पर लगे विशाल डिजिटल एलईडी बिलबोर्ड पर रंग-बिरंगे अक्षर जगमगा रहे थे 'ड्रीम वैली स्मार्ट होम्सः आपका स्वर्ग, आपकी चाबी! रेरा पंजीकृत एवं शत-प्रतिशत सुरक्षित।' तभी नीचे बैठे चौकीदार के मोबाइल पर मोशन-सेंसर का लाल अलर्ट बजा। स्क्रीन पर चेतावनी उभरी 'टावर नंबर सात की सोलहवीं मंजिल पर संदेहास्पद हरकत!'कंट्रोल रूम में सनसनी फैल गई।



पिछले छह सालों से बंद पड़े इस भूतहा, बिना लिफ्ट और बिना प्लास्टर वाले कंक्रीट के जंगल में आधी रात को कौन चढ़ा था? क्या कोई लोहे के सरिए काटने वाला गिरोह घुसा था? या कोई अनहोनी होने वाली थी? सायरन बजाती हुई पुलिस की रात्रि गश्त वैन और चौकीदार टार्च चमकाते हुए अंधेरी, टूटी सीढ़ियों पर दौड़ पड़े। रोमांच और रहस्य हर कदम के साथ गहराता जा रहा था। जब दारोगा जी हांफते हुए सोलहवीं मंजिल के उस खुले, बिना रेलिंग वाले ढांचे पर पहुंचे, तो टार्च की रोशनी में जो दृश्य दिखा, उसने वर्दी की सारी सख्ती पिघला दी।

वहां न कोई चोर था, न कोई गिरोह।

नंगी ईंटों के उस ठंडे फर्श पर चौंसठ साल के रिटायर्ड क्लर्क गोपाल बाबू अपनी बीमार पत्नी कमला को एक पुरानी प्लास्टिक की कुर्सी पर बैठाए खड़े थे। पास में ईंट के टुकड़ों के बीच एक छोटा सा मिट्टी का दीया टिमटिमा रहा था।

दारोगा ने घबराकर पूछा, "अरे बाबूजी! इस खंडहर में इतनी ठंड में आधी रात को क्या कर रहे हो? रेलिंग भी नहीं है, नीचे गिर जाओगे!"

गोपाल बाबू ने अपनी सूखी, धंसी हुई आंखों से उस अधूरी दीवार की तरफ देखा। उनकी आवाज किसी गहरी खाई से निकलती हुई लगी।

"दारोगा जी... आज पूरे दस साल हो गए। कमला को आखिरी स्टेज का फेफड़ों का रोग है। डॉक्टर ने कह दिया है कि अब कुछ घंटों की मेहमान है। इसने दस साल से बस एक ही जिद पकड़ रखी थी कि मरने से पहले एक बार अपने पैसे से खरीदे हुए इस 1604 नंबर फ्लैट में दीया जलाना है..."यार, तुमने कभी किसी सीधे-सादे आदमी को अपने ही खून-पसीने की कमाई से खरीदे गए खंडहर में गृह-प्रवेश करते देखा है? दस साल पहले गोपाल बाबू ने अपनी पूरी ग्रेच्युटी, पत्नी के गहने और बैंक से भारी कर्ज लेकर अड़तीस लाख रुपये इस 'स्मार्ट टाउनशिप' में लगाए थे। बिल्डर ने एचडी ब्रॉशर दिखाकर वादा किया था कि चौबीस महीने में चाबी हाथ में होगी। चौबीस महीने दस साल में बदल गए। बिल्डर ने पोर्टल पर इस कंपनी को 'दिवालिया' घोषित किया और अगले ही महीने शहर के दूसरे छोर पर पचास करोड़ का नया 'अल्ट्रा-लग्जरी प्रोजेक्ट' लॉन्च कर दिया। पिछले सात साल से गोपाल बाबू हर महीने 'डिजिटल रेरा ग्रीवेंस पोर्टल' पर शिकायत अपलोड करते रहे। हर बार सॉफ्टवेयर ने बड़ी शालीनता से एक ही ऑटोमेटेड जवाब भेजा 'आपका प्रकरण विचाराधीन है। अगली डिजिटल तारीख का इंतजार करें।'

व्यवस्था की सबसे बड़ी चतुराई यही है। वह बिल्डर को नया साम्राज्य खड़ा करने का लाइसेंस चौबीस घंटे में दे देती है, और खरीदार के इंसाफ को दस साल तक 'बफरिंग' में अटकाए रखती है।

गोपाल बाबू की जेब में रखा पुराना फोन अचानक थरथराया।

बैंक का ऑटो-डेबिट एसएमएस था 'मकान ऋण की मासिक ईएमआई 28,400 रुपये सफलतापूर्वक काटी गई। शेष किश्तेंः चौरासी।'

नवंबर की बर्फीली हवा उस खुली छत के आर-पार बह र

बीजापुर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के निर्माण में

19.17 करोड़ का कथित घोटाला! 24 सड़कें अधूरी, 13 अधिकारी निलंबित, 15 ठेकेदारों से वसूली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 20 नवंबर। बीजापुर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत ग्रामीण सड़कों के निर्माण में कथित अनियमितताओं का मामला अब बड़े प्रशासनिक एक्शन तक पहुंच गया है। वर्षों से अधूरी पड़ी सड़कों, माप पुस्तिकाओं में दर्ज कार्यों और ऑनलाइन पोर्टल पर निर्माण पूर्ण दर्शाने के आरोपों के बीच शासन की जांच में 19.17 करोड़ रुपये के अधिक भुगतान का खुलासा हुआ है। मामले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 13 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि 15 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अलावा 24 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस दिए जाने और पांच सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई शुरू करने की जानकारी सामने आई है।

उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत तथा ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि बीजापुर जिले में PMGSY की 24 सड़कों की जांच कराई गई थी। जांच में पाया गया कि कई सड़कों का निर्माण अधूरा होने के बावजूद ठेकेदारों को पूरा भुगतान कर दिया गया। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार के ऑनलाइन OMMAS ओमास पोर्टल पर भी सड़कों को पूर्ण दर्शाने के लिए गलत प्रगति प्रविष्टियां दर्ज किए जाने की बात सामने आई है।

218 किलोमीटर का रिकॉर्ड, मौके पर सिर्फ 116 किलोमीटर निर्माण!

जांच में सामने आए आंकड़े सड़क निर्माण की वास्तविक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। विभागीय ऑनलाइन रिकॉर्ड में लगभग 218 किलोमीटर मिट्टी का कार्य पूर्ण दर्शाया गया था, जबकि मौके पर जांच के दौरान केवल करीब 116 किलोमीटर में ही निर्माण पाया गया। यह निर्माण भी गुणवत्ता के मानकों पर खरा नहीं उतरने की बात जांच में सामने आई है। मिट्टी, मुरूम और अन्य निर्माण कार्यों के नाम पर करीब 19.17 करोड़ रुपये का अधिक भुगतान किए जाने का निष्कर्ष जांच में सामने आया है।

24 में 13 अधिकारी निलंबित, 5 सेवानिवृत्त 6 पर मेहरबानी

शासन की कार्रवाई में 03 तत्कालीन कार्यपालन अभियंता, 06 सहायक अभियंता और 04 उप अभियंता सहित कुल 13 अधिकारियों को निलंबित किया गया है। निलंबित कार्यपालन अभियंताओं में सुरेश कुमार नागेश, बी.एस. ठाकुर और जितेंद्र कुमार मेश्राम के नाम शामिल



हैं। सहायक अभियंताओं में एस.के. बांधे, मुविश लहरे, सतानंद महिकवार, हेमंत सालेचा, सोमकांत साहू और चंद्रकांत भगत शामिल हैं। वहीं उप अभियंताओं में गिरधर लहरी, यशवंत साहू, लोकेश कुमार सोनी और तस्वीर कुमार गोंड के नाम सामने आए हैं। शासन ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच भी शुरू कर दी है। वहीं 6 अभियंताओं पर मेहरबानी किया गया है। जांच में अन्य अधिकारियों की भूमिका सामने आने पर आगे भी कार्रवाई की संभावना जताई गई है।

1वर्षों से अधूरी 44 सड़कों का हुआ रिटेंडर

बीजापुर जैसे संवेदनशील और दुर्गम जिले में ग्रामीण सड़कों का महत्व केवल आवागमन तक सीमित नहीं है। इन सड़कों से गांवों को स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, बाजार और प्रशासनिक सेवाओं से जोड़ने का उद्देश्य है। लेकिन यदि कागजों में सड़कें पूर्ण हो जाएं और जमीन पर निर्माण अधूरा रह जाए तो इसका सीधा नुकसान ग्रामीणों को उठाना पड़ता है।अब शासन ने उन अधूरे कार्यों की पूरा करने के लिए 44 सड़कों का रिटेंडर लगा कर सितम्बर-अक्टूबर 2026 के नए ठेकेदारों के साथ अनुबंध किया गया है। ठेकेदारों को 7 माह की अवधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने का समय दिया गया है। अब विभाग द्वारा कथित अधिक भुगतान की वसूली राशि उन ठेकेदारों की एसडी पीजी एलडी जमा

5 ठेकेदारों को नोटिस, 19.17 करोड़ की वसूली नहीं तो एफआईआर की तैयारी

इस मामले में कार्रवाई की आंच अब निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों तक भी पहुंच गई है। विभाग ने 15 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अधिक भुगतान की राशि वापस करने के संबंध में जवाब मांगा है। विभागीय स्तर पर संबंधित राशि की वसूली की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। शासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत वसूली राशि जमा नहीं करने और अनियमितता की पुष्टि होने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है।

अन्य सड़कों के भुगतान से करना प्रारंभ किया गया है।

पहले भी उठे थे 45 करोड़ के भुगतान पर सवाल

गौरतलब है कि बीजापुर में PMGSY सड़क निर्माण को लेकर करीब 45 करोड़ रुपये के कथित भुगतान और अतिरिक्त माप दर्ज किए जाने का मामला पहले भी चर्चा में रहा है। करीब 24 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस, 15 ठेकेदारों से वसूली की तैयारी और पांच सेवानिवृत्त अधिकारियों की भूमिका को लेकर सवाल उठाए गए थे। उस समय विभागीय जांच जारी होने की बात कही गई थी। अब शासन की ओर से 13 अधिकारियों के निलंबन और 19.17 करोड़ रुपये के अधिक भुगतान की जानकारी सामने आने के बाद यह मामला फिर सुर्खियों में है।

निलंबित अभियंताओं ने बलि का बकरा बनाने का आरोप लगाया

इस संबंध में निलंबित अधिकारी कर्मचारियों का कहना है कि 2018 से 24 तक निर्माण कार्य के दौरान नक्सलियों का आतंक था, फोर्स की सहायता से कठिन परिस्थितियों में कार्य किया जाता था। विषम परिस्थितियों का आकलन के बिना एक तरफा कार्रवाई कर बलि का बकरा बनाया गया है। 24 को नोटिस जिसमें 13 निलंबित 5 सेवानिवृत्त और 6 लोगों पर मेहरबानी किया गया। उनका कहना है कि स्पष्टीकरण का सुध तक नहीं लिया गया। कुछ अधिकारियों ने कहा कि पदोन्नति की ठीक पूर्व निलंबन की कार्रवाई की गई जो अनुचित है। कई अधिकारी कर्मचारी कोर्ट का रुख अख्तियार कर रहे हैं।

एक नजर



चोरी का 200 ग्राम सोना बरामद

भिलाई, 20 नवंबर। भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र में डॉक्टर दंपती की घर में चोरी के रिकवरी में वैशाली नगर थाने पुलिस को एक और सफलता मिली है पुलिस ने आरोपी सोनार सोनू जयसवाल की रिमांड लिया और उसकी निशानदेही पर उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में स्थित उसके घर टीम पहुंची आरोपी के निशानदेही पर दीवार पर ईंट के नीचे छुपाए करीब 200 ग्राम वजन का सोने का गला डल्ला बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने पहले ही आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। चोरी गए नकदी और सोने की शेष बरामदगी और फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस की जांच जारी है वैशाली नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया थाना वैशाली नगर में अपराध- 389/2026 में धारा 331(4), 305, 317(2), 317(4), 112(2) और 238 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है प्रकरण में उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के राजपुरा निवासी सोनार नसोनू जायसवाल (37 साल) को 30 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार किया गया था आरोपी के कब्जे से पहले ही दो सोने के कंगन बरामद किए ।

नई बीमा प्रबंधन प्रणाली लागू करने जिले की डाक सेवा 24 तक बाधित रहेंगी

जगदलपुर, 20 नवंबर। बस्तर जिले के डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा की सेवाएं नई बीमा प्रबंधन प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया के तहत 16 नवंबर से 24 नवंबर 2026 तक अस्थायी रूप से बाधित रहेंगी। इन सेवाओं की नई बीमा प्रबंधन प्रणाली का रोलआउट 25 नवंबर 2026 को किया जाना प्रस्तावित है। डाक विभाग, भारत सरकार, संचार मंत्रालय के अंतर्गत निदेशालय डाक जीवन बीमा, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक F.No.56-14/2025-LI (IMS 2.0), दिनांक 12 नवंबर 2026 के अनुपालन में रायपुर संभाग के डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसीधारकों को यह सूचना दी गई है।नई प्रणाली लागू करने से पहले आवश्यक तकनीकी एवं अन्य पूर्व-रोलआउट गतिविधियां पूरी की जाएंगी। इस प्रक्रिया के चलते निर्धारित अवधि के दौरान संबंधित बीमा सेवाएं अस्थायी रूप से उपलब्ध नहीं रहेंगी। डाक विभाग ने पॉलिसीधारकों से अपील की है कि वे सेवाओं में संभावित व्यवधान को ध्यान में रखते हुए अपने आवश्यक बीमा संबंधी कार्य समय रहते पूरा कर लें।

अकवान तूफान के प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने जारी किए सतर्कता संबंधी निर्देश

कांकेर, 20 नवंबर। मौसम विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार चक्रवात 'अकवान' के प्रभाव से 20 एवं 21 नवंबर को छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। संभावित वर्षा एवं बाढ़ आपदा को देखते हुए कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने जिले के सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने तथा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर कहा है कि अतिवृष्टि होने की स्थिति में नदी, नालों के जलस्तर की सतत निगरानी रखें तथा जलस्तर में वृद्धि की स्थिति की सूचना तत्काल नियंत्रण कक्ष को देवें। बाढ़ संभावित ग्रामों एवं क्षेत्रों की पहचान कर वहां अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। साथ ही संवेदनशील एवं निचले क्षेत्रों में सुरक्षित निकासी मार्गों का चिन्हांकन कर उन्हें तैयार रखा जावे।

विश्व शौचालय दिवस पर ग्राम पंचायत चित्रकोट में स्वच्छता की अलख जगाई

जगदलपुर, 20 नवंबर । विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर गुरुवार 19 नवम्बर को विकास खंड लोहंडीगुड़ा की ग्राम पंचायत चित्रकोट में विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और कचरा प्रबंधन की आधुनिक आदतों को व्यवहार में लाना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को खुले में शौच से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए शौचालय के नियमित एवं अनिवार्य उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए 4 प्रकार के अलग-अलग रंगों के डस्टबिन के सही उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

विस्फोट से बोगी पलटने की खबर निकली रेलवे की माकड्रिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 20 नवंबर। दुर्ग-रावघाट रेलमार्ग पर स्थित मरोदा रेलवे स्टेशन यार्ड के पास शुक्रवार सुबह यात्री ट्रेन में आईईडी ब्लास्ट के कारण एक बोगी के पटरी से उतरकर पलटने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन का अमला तत्काल अलर्ट मोड पर आ गया। हालांकि बाद में स्थिति स्पष्ट हुई कि यह कोई वास्तविक रेल दुर्घटना नहीं थी, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और एनडीआरएफ द्वारा आयोजित एक संयुक्त मॉक ड्रिल थी। सुबह करीब 11:15 बजे नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि मरोदा स्टेशन के पास विस्फोट के चलते एक पैसेंजर ट्रेन की बोगी पलट गई है। इस आपात संदेश के मिलते ही एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन, एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल वैन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, भिलाई इस्पात संयंत्र का दमकल वाहन और डायल-108 की एंबुलेंस महज 20 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गईं। मौके पर पहुंचते ही बचाव दलों ने पूरी मुस्तैदी के साथ अपना रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। अभ्यास के दौरान क्षतिग्रस्त बोगी के भीतर फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने का जीवंत प्रदर्शन किया गया। बचाव



कर्मियों ने आधुनिक कटर मशीनों की सहायता से बोगी की चादरों को काटकर अंदर फंसे 20 से 25 डमी शवों को बाहर निकाला। वहीं गंभीर रूप से घायल हुए यात्रियों को प्राथमिक उपचार देने के बाद स्ट्रेचर के माध्यम से एंबुलेंस तक पहुंचाया गया और नजदीकी अस्पताल भिजवाने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस संयुक्त अभ्यास के दौरान रायपुर रेल मंडल के एडीआरएम बजरंग अग्रवाल, सीनियर डीसीएम विप्लव सुस्कर, सीनियर डीईई प्रतीक मिश्रा और विवेक पटेल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए आरपीएफ और जीआरपी का बल भी तैनात रहा। मीडिया से चर्चा करते हुए रायपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम विप्लव सुस्कर ने कहा कि आज मरोदा स्टेशन पर जो अभ्यास किया गया, उसे मॉक ड्रिल के बजाय ज्वाइंट एक्सरसाइज कहना अधिक उपयुक्त होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बेहद जरूरी है, इसलिए समय-समय पर ऐसे अभ्यास होते रहने चाहिए रेलवे के पास अत्याधुनिक एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल वैन उपलब्ध है, जिसका उपयोग आपदा प्रबंधन में त्वरित राहत के लिए किया जाता है। वहीं एनडीआरएफ थर्ड बटालियन के इंस्पेक्टर अबीर साहू ने बताया कि उनकी टीम भिलाई पावर हाउस स्टेशन के पास कैंप कर रही थी। सूचना मिलते ही टीम ने तत्काल मरोदा पहुंचकर एसडीआरएफ दुर्ग के साथ मिलकर इस बचाव अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में 21 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

कांकेर, 20 नवम्बर । उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम नया बस स्टैण्ड स्थित डोम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग के द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक कांकेर आशाराम नेताम, विधायक अंतागढ़ विक्रम देव उसेण्डी, विधायक भानुप्रतापपुर श्रीमती सावित्री मंडावी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड श्रीमती शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, जनपद अध्यक्ष कांकेर श्रीमती पूर्णिमा कावड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष नरहरपुर श्री सोमन कावड़े, जनपद अध्यक्ष चारामा श्रीमती जागेश्वरी भास्कर, जनपद अध्यक्ष भानुप्रतापपुर सुनाराम तेता, जनपद अध्यक्ष अंतागढ़ श्रीमती मनोरमा मंडावी, जनपद अध्यक्ष दुर्गूकोंदल गोपी बघई, जनपद अध्यक्ष कोयलीबेड़ा श्रीमती श्यामबती मंडावी, नगरपालिका अध्यक्ष कांकेर अरूण कौशिक, नगरपालिका उपाध्यक्ष कांकेर उत्तम यादव, सतीश लाटिया, महेश जैन एवं श्री ईश्वर कावड़े होंगे।

समाचार संक्षेप

नैमेड़ पुलिस ने भटकते मिले 74 वर्षीय बुजुर्ग को परिजनों से मिलाया



बीजापुर 20 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नैमेड़ पुलिस ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए भटकते मिले 74 वर्षीय बुजुर्ग को उनके परिजनों से मिलाया। बुजुर्ग की पहचान छट्टू सहनी, पिता सांफू सहनी, निवासी ग्राम करनपुर, थाना बोचहा, जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग पिछले दो-तीन दिनों से नैमेड़ क्षेत्र में भटकते हुए दिखाई दे रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर थाना नैमेड़ पुलिस ने उन्हें सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया और भोजन, पानी तथा विश्राम की व्यवस्था की। बातचीत के दौरान बुजुर्ग ने बताया कि वे करीब एक माह पहले मजदूरी के लिए हैदराबाद गए थे, जहां से भटकते हुए बीजापुर जिले के नैमेड़ पहुंच गए।इसके बाद पुलिस ने सीसीटीएनएस के माध्यम से उनकी जानकारी जुटाई और बिहार पुलिस व संबंधित थाना क्षेत्र से संपर्क कर परिजनों का पता लगाया। परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग के लापता होने पर हैदराबाद में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी।सूचना मिलने पर परिजन थाना नैमेड़ पहुंचे। आवश्यक पहचान और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने बुजुर्ग को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। लंबे समय बाद अपने बुजुर्ग को सुरक्षित पाकर परिजन भावुक हो गए और नैमेड़ पुलिस सहित बीजापुर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

चक्रवात अकवान का असर, बस्तर से गुजरने वाली 8 ट्रेनें रद्द, 3 का बदला समय

जगदलपुर, 20 नवंबर। चक्रवात अकवान के प्रभाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने एहतियातन कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। 19 नवंबर को चलने वाली आठ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि तीन एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है। रेलवे के इस फैसले से ओडिशा और आंध्र प्रदेश के विभिन्न रेल मार्गों पर सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, चार्लापल्ली-शालीमार एक्सप्रेस (18046) को सुबह 8:40 बजे के बजाय दोपहर 3:40 बजे रवाना किया जाएगा। इसी तरह सिकंदराबाद-हावड़ा फलकनुमा एक्सप्रेस (12704) अपने निर्धारित समय दोपहर 3:55 बजे के बजाय शाम 5:55 बजे और एसएमवीटी बेंगलुरु-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस (12246) सुबह 11:15 बजे के बजाय दोपहर 1:45 बजे रवाना होगी। चक्रवात के मद्देनजर आठ ट्रेनों को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है। इनमें भुवनेश्वर-पलासा मेमू (68419), पलासा-भुवनेश्वर मेमू (68420), कटक-पलासा मेमू (68445), पलासा-कटक मेमू (68446), कटक-गुनुपुर मेमू (68433), गुनुपुर-कटक मेमू (68434), विशाखापत्तनम-ब्रह्मपुर (58532) और ब्रह्मपुर-विशाखापत्तनम (58531) शामिल हैं। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा पर निकलने से पहले संबंधित ट्रेन की स्थिति और संशोधित समय की जानकारी लेने की अपील की है। चक्रवात के प्रभाव को देखते हुए आगे भी रेल परिचालन में बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

21 नवंबर को भारी बारिश का अलर्ट

नवंबर की शुरुआत में चक्रवाती तूफान मुरासु के प्रभाव से मौसम प्रभावित हुआ। अब बंगाल की खाड़ी में सक्रिय अकवान को लेकर मौसम विभाग ने दक्षिण छत्तीसगढ़ के लिए नई चेतावनी जारी की है। 18 नवंबर के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर में 20 और 21 नवंबर को भारी बारिश की संभावना है। कांकेर जिले में 21 नवंबर को भारी बारिश का अलर्ट है।

वेतनमान में बढ़ोतरी की मांग को लेकर दूसरे दिन भी जारी रही नर्सिंग ऑफिसर्स की हड़ताल

जगदलपुर, 20 नवंबर। प्रदेशभर के नर्सिंग ऑफिसर्स हड़ताल पर बैठ गए हैं। जगदलपुर में भी नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन की हड़ताल गुरूवार को भी जारी रहा। नर्सिंग ऑफिसर्स का कहना है कि फिलहाल तीन दिनों तक आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद भी मांगों पर समाधान नहीं हुआ तो रायपुर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। इससे आने वाले दिनों में अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं पर और असर पड़ने की आशंका है। जगदलपुर में नियमित नर्सिंग स्टाफ के आंदोलन में शामिल होने से हड़ताल के दूसरे दिन गुरूवार को अस्पतालों में मरीजों की देखभाल की जिम्मेदारी प्रशिक्षित स्टाफ नर्सों और संविदा नर्सों के भरोसे चल रही है।

नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नर्सिंग संवर्ग पिछले 14 सालों से ग्रेड-पे और वेतनमान में बढ़ोतरी की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। एसोसिएशन के अनुसार, साल 2018 में आंदोलन के बाद एक कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने सितंबर 2018 में अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी थी, लेकिन 30 जून 2021 को इस रिपोर्ट को अमान्य कर दिया गया। इसके बाद साल 2023 में भी नर्सिंग स्टाफ ने आंदोलन किया था। एसोसिएशन का आरोप है कि उस दौरान कई कर्मचारियों को निलंबित और बर्खास्त किया गया। उनका वेतन भी रोक दिया गया, लेकिन मूल मांगों का समाधान नहीं हुआ।

जीड़पल्ली के जंगलों में माओवादी डम्प बरामद 2 बीजीएल लॉन्चर और 36 सेल जब्त



बीजापुर 20 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में माओवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। थाना पामेड़ और कोबरा 208वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने ग्राम जीड़पल्ली के जंगलों में माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए डम्प को बरामद किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जीड़पल्ली के जंगलों में माओवादी डम्प होने की सूचना पर थाना पामेड़ और कोबरा 208वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान जंगल में छिपाकर रखी गई सामग्री बरामद की गई।बरामद सामग्री में 2 नग बीजीएल लॉन्चर और 36 नग बीजीएल सेल शामिल हैं। सुरक्षा बलों द्वारा बरामद सामग्री के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।बीजापुर पुलिस ने बताया कि जिले में शांति, सुरक्षा और विकास का वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से सुरक्षा बलों के अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री की जानकारी तत्काल नजदीकी थाना अथवा सुरक्षा कैंप को दें। ऐसी सामग्री को बिल्कुल न छुएं और उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

नक्सली कमांडर हिडमा के बारूदी नक्सली डंप से 670 बीजीएल शेल विस्फोटक बरामद

जगदलपुर, 20 नवंबर। आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा के पास पोलावरम के जंगल से पुलिस और सीआरपीएफ जवानों ने एक संयुक्त अंतरराज्यीय अभियान चलाकर नक्सलियों द्वारा छुपाए गए विस्फोटकों और चिकित्सा सामग्री का बड़ा नक्सली ड़प बरामद किया है। इस डंप से 670 जिंदा बीजीएल शेल के अलावा डेटोनेटर, गन पाउडर, फ्यूज और दूसरी विस्फोटक सामग्री भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार यह विस्फोटक डंप नक्सली कमांडर माड़वी हिडमा से जुड़ा हुआ है। हिडमा के मारे जाने के बाद से सुरक्षाबल लगातार उसके ठिकानों और छिपाए गए सामान की तलाश कर रहे थे। यह बरामदगी उन खुफिया सूचनाओं के बाद हुई है, जिनमें नक्सली नेता माड़वी हिडमा द्वारा विस्फोटक डंप छुपाए जाने की बात सामने आई थी। हिडमा पिछले साल मारेदुमिल्ली के पास जंगल क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मारा गया था।

पोलावरम जिले के पुलिस अधीक्षक के. चक्रवर्ती ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सीआरपीएफ कर्मियों के साथ चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान अंतरराज्यीय सीमा के पास एक नक्सली डंप से भारी मात्रा में विस्फोटक और आवश्यक चिकित्सा सामग्री बरामद की गई है। उन्होने बताया कि गठित एक विशेष टीम ने सीआरपीएफ की सहायता से लगातार निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने के बाद सीमा क्षेत्र में इस अभियान को अंजाम दिया और जमीन में छुपाकर रखी गई सामग्री को बाहर निकाला। बरामद विस्फोटक डंप नक्सली कमांडर माड़वी हिडमा से जुड़ा हुआ है। पोलावरम जिले के पुलिस अधीक्षक के. चक्रवर्ती के अनुसार जब्त किए गए जखीरे में 670 जिंदा बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (बीजीएल) शेल, 42 नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 250 ग्राम बारूद, 12 बूस्टर या विस्फोटक रिंग, सात जिंदा भरमार कारतूस और लगभग छह मीटर फ्यूज शामिल हैं।

स्व.इंदिरा गांधी की जयंती पर उनके अदम्य साहस, दूरदर्शिता एवं राष्ट्रसेवा को किया नमन

शासकीय आईटीआई बस्तर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

जगदलपुर, 20 नवंबर । भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं देश की महान नेता स्व.श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन, जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा जयंती कार्यक्रम सादगीपूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व.इंदिरा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण, साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम के दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने स्व.इंदिरा गांधी के जीवन, राजनीतिक संघर्ष, नेतृत्व क्षमता एवं देश के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंदिरा गांधी जी भारतीय राजनीति की



ऐसी महान व्यक्तित्व थीं,जिन्होंने अपने दृढ़ संकल्प, साहस और दूरदर्शी नेतृत्व से देश को एक नई दिशा प्रदान की।उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, जनसेवा और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए देश के हित में साहसिक निर्णय लिए और भारत को वैश्विक स्तर पर एक सशक्त पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई सुशील मौर्य ने कहा कि स्व.इंदिरा गांधी जी का नेतृत्व,उनकी निर्णय क्षमता और विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहने का साहस आज भी देश के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता को सर्वोपरि रखा। गरीबों, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उनके कार्यकाल में लिए गए अनेक निर्णयों ने देश की राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था पर गहरा प्रभाव छोड़ा।इंदिरा जी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, संघर्ष, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की प्रतीक थीं।उन्होंने महिलाओं के लिए राजनीति और नेतृत्व के क्षेत्र में नए रास्ते खोले तथा यह साबित किया कि मजबूत इच्छाशक्ति और संकल्प के बल पर कठिन से कठिन परिस्थितियों का सामना किया जा सकता है। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को देश के प्रति जिम्मेदारी, समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व.इंदिरा गांधी के आदर्शों, विचारों एवं जनकल्याणकारी दृष्टिकोण को आत्मसात करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, समानता, भाईचारे और देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। साथ ही उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी हनुमान द्विवेदी,भुवन झा, रविशंकर तिवारी,विजेन्द्र ठाकुर,मोहसिन खान, सलीम अली,शहर जिला कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शासकीय आईटीआई बस्तर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

जगदलपुर, 20 नवंबर। जनजातीय गौरव दिवस एवं जनजातीय गौरव सप्ताह वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में बुधवार 18 नवंबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का भव्य आयोजन किया गया। पूरे परिसर में कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत बस्तर के उपाध्यक्ष श्री अनिल परिहार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ एके माण्डले ने की, साथ ही संस्था के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी इस गौरवशाली अवसर पर मौजूद रहे कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रेरणादायक जीवन, उनके अदम्य संघर्ष और देश के प्रति दिए गए सर्वोच्च बलिदान पर ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किए। इसके साथ ही प्रशिक्षणार्थियों द्वारा जनजातीय संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाते हुए मनमोहक पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई,

एक नजर

जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 169 किसानों से 992.48 मीट्रिक टन धान की खरीदी



रायगढ़, 20 नवम्बर। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य जारी है। 15 नवम्बर से शुरू हुई खरीदी प्रक्रिया के तहत अब तक 169 किसान अपनी उपज बेच चुके हैं। 19 नवम्बर तक जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों में कुल 992.48 मीट्रिक टन मोटा धान की खरीदी की गई है। इसके अंतर्गत 187.092 हेक्टेयर पंजीकृत रकबे का धान उपार्जित किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में जिले में धान खरीदी के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। इसके तहत जिले की 79 समितियों के अंतर्गत संचालित 112 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 5 लाख 42 हजार 580.94 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वर्ष जिले में धान विक्रय के लिए कुल 84 हजार 501 किसानों ने पंजीयन कराया है। इन किसानों का कुल पंजीकृत रकबा 1 लाख 24 हजार 728.258 हेक्टेयर है। प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उपार्जन केंद्रों के माध्यम से पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसानों की सुविधा और उपार्जन कार्य को सुव्यवस्थित बनाए रखने पर ध्यान दिया जा रहा है।

निर्वाचन साक्षरता क्लब की जिला स्तरीय निबंध एवं प्रश्नोतरी स्पर्धा में 40 ने हिस्सा लिया



रायगढ़, 20 नवम्बर । भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा जिले में आयोजित तीन स्तरीय प्रतियोगिता का जिला स्तरीय अंतिम चरण बुधवार को किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मतदाता जागरूकता के प्रति समझ विकसित करना है।जिले के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों तथा महाविद्यालयों में 2 से 18 नवंबर तक निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके तहत लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित कर उत्कृष्ट विद्यार्थियों का चयन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी तथा सहायक प्राध्यापक श्रीमती रंजना साहू, सहायक नोडल अधिकारी के निर्देशन में दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से निबंध प्रतियोगिता के 5 एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के 5 विद्यार्थियों सहित कुल 40 चयनित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के जिला स्तरीय परिणामों की घोषणा एवं विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र वितरण 20 नवंबर को किया जाएगा।

जलवायु परिवर्तन से मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव से बचाव का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

रायगढ़, 20 नवम्बर। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ के आरोग्यम सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जलवायु परिवर्तन के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों, इससे होने वाली स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों तथा बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब आम जनजीवन के साथ मानव स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। बढ़ता तापमान, अनियमित मानसून, गर्मी और जल संकट जैसी परिस्थितियां कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकती हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों को समझना और उनसे बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां करना जरूरी है। यहां औद्योगिक गतिविधियों, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन और हरित क्षेत्रों में कमी के बीच पर्यावरण संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। पर्यावरण में होने वाले बदलावों का असर स्थानीय आबोहवा और जनस्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। इसलिए जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता और जनभागीदारी आवश्यक है।

फेडरेशन ने दो सूत्री को पूरा करने की मांग की

- पटवारियों पर की गई कार्रवाई निरस्त करने और 3 प्रतिशत लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स सहित देने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



गरियाबंद/छुरा, 20 नवंबर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लंबित मांगों को लेकर शासन के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर गरियाबंद के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। फेडरेशन ने दो सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए शासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है। फेडरेशन ने अपनी पहली मांग में राजस्व पटवारी संघ के आंदोलन के दौरान पटवारियों के विरुद्ध की गई दंडात्मक कार्रवाई को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि पटवारी राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राजस्व संबंधी कार्यों के क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे में उनकी न्यायोचित मांगों का समाधान दमनात्मक कार्रवाई के बजाय संवाद के माध्यम से किया जाना चाहिए। वहीं दूसरी प्रमुख मांग में प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को लंबित 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का भुगतान केंद्र सरकार के समान देय तिथि से एरियर्स सहित करने की मांग की गई है। फेडरेशन का कहना है कि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ते में वृद्धि का लाभ दे रही है, जबकि छत्तीसगढ़ के कर्मचारी अभी भी 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते से वंचित हैं। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच यह अंतर कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए आर्थिक असंतोष का कारण बन रहा है। फेडरेशन ने शासन से आग्रह किया है कि कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों को गंभीरता से लेते हुए दोनों विषयों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए और प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को राहत प्रदान की जाए। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि वह शासन एवं कर्मचारियों के बीच सकारात्मक संवाद और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का पक्षधर है, लेकिन कर्मचारी हितों की अनदेखी होने पर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संघर्ष जारी रखने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उक्त आक्रोश रैली में कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन के संयोजक एम अर खान ,महासचिव बसंत त्रिवेदी ,सचिव सुनील यादव, जिला अध्यक्ष राजस्व पटवारी संघ गुलशन यदु, मनोज खरे, राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष आर के तलवरे,नीलांबर पटेल, शिक्षक फेडरेशन फेडरेशन के जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल तारक, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ से जिला अध्यक्ष आर के ध्रुव, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संग जिला अध्यक्ष खिलेंद्र साहू ,स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष डीके पड़ोती, पशु चिकित्सक संघ से उमाशंकर साहू, प्राचार्य संघ से प्रेम ध्रुव,अनूप महाड़ीक सहित पटवारी संघ के सदस्य अन्य संगठन के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आक्रोश रैली में शामिल हुए वाले कलेक्टर परिषद में अपर कलेक्टर विशाल महाराणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

तुंहर टोकन एप से घर बैठे मिल रही धान विक्रय की सुविधा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 20 नवम्बर । समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा डिजिटल माध्यमों से भी टोकन प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। तुंहर टोकन मोबाइल एप के जरिए किसान घर बैठे अपनी सुविधानुसार धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त कर रहे हैं। इससे किसानों को टोकन कटवाने के लिए समिति के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। ग्राम गोर्रा के किसान श्री देवेंद्र पटेल ने भी इस सुविधा का लाभ उठाया और शासन की किसान हितैषी व्यवस्था के प्रति आभार जताया।

किसान देवेंद्र पटेल ने बताया कि उनके पास 5 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें उन्होंने धान की फसल ली है। इसमें से 3 एकड़ की फसल की कटाई पूरी हो चुकी है। उन्होंने अपनी पूरी कृषि भूमि का धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है, जिसमें उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। धान बेचने के लिए उन्होंने तुंहर टोकन एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन भी प्राप्त कर लिया। उन्होंने बताया कि मोबाइल एप से घर बैठे टोकन मिलने से काफी सहूलियत हुई है और समय की बचत भी हो रही है। उन्होंने उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बताया कि समिति में किसानों के लिए पेयजल, छाया सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे धान विक्रय के दौरान किसानों को सुविधा मिल रही है।

24 घंटे अपनी सुविधानुसार ले सकते हैं ऑनलाइन टोकन

किसानों को टोकन प्राप्त करने के लिए समितियों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए तुंहर टोकन मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसान इस एप के जरिए 24 घंटे अपनी सुविधानुसार टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा समिति स्तर पर भी टोकन जारी करने की व्यवस्था है। इससे किसानों को धान विक्रय की प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक हो रही है। कृषक उन्नति योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति एकड़ 13 हजार 839 रुपये की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रति एकड़ निर्धारित 21 क्विंटल धान की पूरी मात्रा बेचना अनिवार्य नहीं है। निर्धारित मात्रा से कम धान बेचने वाले पात्र किसान भी योजना के प्रावधानों के अनुसार आदान सहायता के पात्र होंगे।

राष्ट्रपति ने ग्राम एकताल के झारा मेटल के 13 शिल्पकारों को सम्मानित किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 20 नवम्बर । रायगढ़ जिले की पारंपरिक एकताल झारा बेलमेटल शिल्पकला ने देश के सर्वोच्च संवैधानिक संस्थान राष्ट्रपति भवन में अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में ग्राम एकताल के 13 शिल्पकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शिल्पकारों से भेंट कर उनकी पारंपरिक कला, कलाकृतियों के निर्माण की बारीकियों और शिल्प से जुड़े अनुभवों के बारे में जानकारी ली। शिल्पकारों ने भी अपनी कला की विशेषताओं और पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा को आगे बढ़ाने के प्रयासों को राष्ट्रपति के समक्ष साझा किया। राष्ट्रपति भवन में मिला यह सम्मान रायगढ़ जिले की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, रायगढ़ के सहायक प्रबंधक श्री आर.आर. भगत के नेतृत्व में पांच महिला और आठ पुरुष शिल्पकारों का दल 13 नवंबर की शाम बस से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। 16 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से उनकी मुलाकात हुई। इस दौरान शिल्पकारों ने एकताल की प्रसिद्ध झारा बेलमेटल कला की पारंपरिक निर्माण तकनीक, धातु को आकार देने की प्रक्रिया और कलाकृतियों की विशिष्टताओं के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रपति ने उनके अनुभवों को जाना और छत्तीसगढ़ की पारंपरिक शिल्प विधाओं की सराहना की।

पीढ़ियों से संजोई कला को मिला राष्ट्रीय मंच

एकताल की झारा बेलमेटल शिल्पकला केवल कलात्मक अभिव्यक्ति ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की पारंपरिक विरासत और शिल्पकार परिवारों की पीढ़ियों की साधना का भी प्रतीक है। पारंपरिक विधियों से तैयार की जाने वाली इन कलाकृतियों में स्थानीय संस्कृति और शिल्प कौशल की झलक दिखाई देती है। राष्ट्रपति भवन में शिल्पकारों को मिला सम्मान इस विरासत को व्यापक पहचान देने के साथ नई पीढ़ी को इस कला से जुड़ने के लिए प्रेरित करने वाला अवसर है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से भेंट करने वाले शिल्पकारों में श्री धनीराम झारा, श्री भीम झारा, श्री रघु झारा, श्री राज झारा, श्रीमती ममता झारा, श्रीमती पूजा झारा, श्री केशव झारा, श्रीमती रमोला झारा, श्रीमती पंकजीनी झारा, श्री प्रदीप झारा, श्री त्रिनाथ झारा, श्रीमती पिंकी झारा तथा श्री अभिमन्यु झारा शामिल रहे।

'एट होम' कार्यक्रम के लिए भी चयनित हुई थी एकताल की कला

रायगढ़ जिले का ग्राम एकताल अपनी विशिष्ट झारा बेलमेटल शिल्पकला के लिए जाना जाता है। यहां के शिल्पकार पारंपरिक तकनीक से धातु की आकर्षक और कलात्मक आकृतियां तैयार करते हैं। इसी विशिष्टता के चलते एकताल की बेलमेटल शिल्पकला का राष्ट्रपति भवन के विशेष 'एट होम' कार्यक्रम के लिए चयन किया गया था। इससे पहले 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए नई दिल्ली में तैयार किए गए निमंत्रण बॉक्स में भी ग्राम एकताल के शिल्पकारों की कलाकृतियों को स्थान मिला था। यहां के शिल्पकारों को उनकी उत्कृष्ट कला के लिए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कारों से भी सम्मानित किया



मछली पालन से तारकेश्वर पटेल सालाना कमा रहे 3 लाख रुपये

रायगढ़, 20 नवम्बर । शासन की योजना का लाभ लेकर पुसौर विकासखंड के ग्राम तारापुर निवासी श्री तारकेश्वर कुमार पटेल ने मछली पालन को अपनी आजीविका का बेहतर माध्यम बनाया है। जिससे उन्हें सालाना लगभग 2 से 2.5 लाख रुपये तथा बेहतर उत्पादन की स्थिति में 3 लाख रुपये तक शुद्ध मुनाफा हो रहा है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत अनुदान सहायता भी मिली, जिससे व्यवसाय को आगे बढ़ाने में आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ।तारकेश्वर ने बताया कि पहले वे अन्य व्यवसाय से जुड़े थे, लेकिन उसमें अपेक्षाकृत कम मुनाफा होने के कारण उन्होंने स्वरोजगार के नए विकल्प की तलाश शुरू की। इसी दौरान मत्स्य विभाग से उन्हें मछली पालन की जानकारी मिली और उन्होंने इस व्यवसाय को अपनाने का निर्णय लिया।

दो गोदामों से अवैध 965 कट्टा धान जिला प्रशासन ने किया जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 20 नवम्बर। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा उपार्जन केन्द्रों पर धान खपाने की मंशा से किए जा रहे धान के अवैध भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में लैलूंगा तहसील के ग्राम झगरपुर में प्रशासनिक टीम ने दो गोदामों की जांच कर कुल 965 कट्टा धान जब्त किया।

एसडीएम लैलूंगा श्री राकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में खाद्य निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार की संयुक्त टीम ने झगरपुर स्थित गोदामों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान संतोष अग्रवाल के गोदाम में 900 कट्टा तथा विकास अग्रवाल के गोदाम में 65 कट्टा धान भंडारित पाया गया। टीम ने दोनों गोदामों से कुल 965 कट्टा धान जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की।

अवैध भंडारण पर प्रशासन की लगातार निगरानी

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा धान के भंडारण एवं परिवहन पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके लिए राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर विभिन्न क्षेत्रों में गोदामों और धान भंडारण स्थलों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान भंडारण से संबंधित दस्तावेजों एवं उपलब्ध धान का सत्यापन भी किया जा रहा है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा अवैध भंडारण एवं परिवहन की सूचना मिलने पर तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

निर्माण कार्यों को तय समय में करें पूर्ण,गुणवत्ता पर भी रखें ध्यान:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 20 नवम्बर । जिले में संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों को गति देने और स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों, बजट, टेंडर प्रक्रिया, कार्यादेश, निर्माण की वर्तमान स्थिति और कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि बारिश का मौसम समाप्त हो चुका है और आगामी 4 से 5 महीने निर्माण कार्यों को गति देने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण हैं। सभी विभागीय अधिकारी इस अवधि का बेहतर उपयोग करते हुए स्वीकृत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इसके



लिए विभाग प्रमुखों एवं इंजीनियरों को नियमित रूप से निर्माण स्थलों का निरीक्षण करने और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए और प्रत्येक कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए।

वनांचल क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए डीएमएफ से तैयार करें प्रस्ताव

कलेक्टर ने जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में सड़क सुविधा के विस्तार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आवश्यक एवं प्राथमिकता वाले मार्ग, जिनका निर्माण संबंधित विभागीय मद से संभव नहीं हो पा रहा है, उनके प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किए जाएं, ताकि डीएमएफ के माध्यम से आवश्यक स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कराया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत भी अत्यंत आवश्यक सड़कों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर हो सकेगी।

डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों और धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा

बैठक में जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) अंतर्गत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में स्वीकृत विकास एवं निर्माण कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के बजट अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमएफ मद से धान खरीदी केंद्रों में स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा, ताकि धान विक्रय के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, केलो परियोजना, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, हाउसिंग बोर्ड एवं छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन सहित विभिन्न एजेंसियों के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर निर्माण की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने, कमियों को तत्काल दूर कराने तथा गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एवं विकास कार्यों का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

आवागमन व जल निकासी की बेहतर व्यवस्था करने के दिए निर्देश

रायगढ़, 20 नवम्बर। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी के निर्देशन में शहर की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और नागरिकों को आवागमन एवं जल निकासी की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज नगर निगम क्षेत्र रायगढ़ के विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और अभियंताओं को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सबसे पहले नगर निगम कार्यालय और अस्पताल के बीच से गुजरने वाली सड़क का अवलोकन किया। उन्होंने इस मार्ग पर तत्काल 6 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण शुरू कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश निगम के अभियंताओं को दिए, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। इसके पश्चात उन्होंने शहर के प्रमुख मार्ग गद्दी चौक से नगर निगम कार्यालय होते हुए अग्रसेन चौक तक बाईं ओर प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य इस तरह से किया जाए कि यातायात प्रभावित न हो और



आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही कार्य में तेजी लाते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पुराने आरपीएफ पोस्ट से शनि मंदिर मोड़ तक निर्माणाधीन नाली का भी जायजा लिया। इस नाली के निर्माण से संबंधित मार्ग की चौड़ाई में लगभग 2 मीटर की वृद्धि होगी, जिससे सड़क पर आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। उन्होंने कार्य की गति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए इसे समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शहर की जल निकासी व्यवस्था के लिहाज से इन तीनों प्रमुख नाली निर्माण कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए आगामी 20 दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इन नालियों के माध्यम से शहर के लगभग 30 प्रतिशत हिस्से का वर्षा जल निकास होता है। इनके निर्माण से बारिश के पानी की निकासी अधिक व्यवस्थित और सुगम होगी। साथ ही इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद ड्रेन-टू-ड्रेन बीटी सड़क निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, कार्यपालन अभियंता श्री अमरेश लोहिया, उप अभियंता श्री सौरभ आलोक साहू, श्री मुन्ना ओझा सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

रायगढ़, 20 नवम्बर। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बापूनगर-ए, वार्ड क्रमांक 05 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए जारी प्रावधिक मूल्यांकन पत्रक पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 19 -28 नवंबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाइन पोर्टल aww.e.bharti.in के माध्यम से ऑनलाइन दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

रायगढ़, 20 नवम्बर। आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने और विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से जिले के सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में दो पालियों में आयोजित इस बैठक में विद्यालयों में अध्यापन व्यवस्था, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने प्राचार्यों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष कार्ययोजना के साथ काम करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई, निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूरा करने, कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें विशेष शैक्षणिक सहयोग देने और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए निरंतर प्रयास करने पर जोर दिया गया।

अब हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को सेवा सेतु पोर्टल से मिलेगा स्थानांतरण प्रमाणपत्र

रायगढ़, 20 नवम्बर। जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अब स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन सुविधा मिलेगी। इसके लिए आज जिला कार्यालय स्थित सृजन सभाकक्ष में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को लेकर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें जिले के 230 शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य शामिल हुए।

प्रशिक्षण के दौरान प्राचार्यों को सेवा सेतु पोर्टल पर स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए आवेदन की एंट्री, आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने तथा प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं निराकरण की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। साथ ही पोर्टल के माध्यम से आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन और अनुमोदन करने की प्रक्रिया का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि अब जिले के समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ही जारी किया जाएगा। इसके लिए आवेदन से लेकर प्रमाण पत्र जारी करने तक की प्रक्रिया ऑनलाइन संपादित की जाएगी। आवेदनों का निराकरण लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में करना अनिवार्य होगा। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि आवेदन में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसे निरस्त करने के बजाय स्पष्ट टिप्पणी के साथ सुधार के लिए वापस किया जाए, ताकि संबंधित आवेदक आवश्यक सुधार कर पुनः आवेदन प्रस्तुत कर सके। इस पहल से स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध होगी। साथ ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रमाण पत्र प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी तथा विद्यालय स्तर पर आवेदन प्रक्रिया और उसके निराकरण की ऑनलाइन निगरानी भी सुनिश्चित हो सकेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले लोकतंत्र सेनानी परिवार के नरेंद्र मालूराम शर्मा

■ स्व. मीसाबंदी पंडित मालूराम शर्मा के योगदान से कराया अवगत, मुख्यमंत्री की सरकार के कार्यों की सराहना की





नया रायपुर 20 नवंबर। दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने लोकतंत्र सेनानी एवं उनके परिवारजनों से आत्मीय भेंट की थी। इसी क्रम में लोकतंत्र सेनानी परिवार के सदस्य नरेंद्र मालूराम शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर स्वर्गीय मीसाबंदी पंडित मालूराम शर्मा के जीवन, संघर्ष, राष्ट्रसेवा एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए दिए गए योगदान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

नरेंद्र मालूराम शर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि स्व. पंडित मालूराम शर्मा आपातकाल के दौरान मीसा कानून के तहत बंदी रहे तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित के लिए संघर्ष किया। उन्होंने अपने पिता के सामाजिक, राजनीतिक एवं संगठनात्मक जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

इस अवसर पर नरेंद्र मालूराम शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सरकार के प्रति आभार एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लोकतंत्र प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रदेश पदाधिकारी एवं लोकतंत्र सेनानी परिवारों के सदस्य बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री निवास, नया रायपुर पहुंचे। सभी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री से हुई इस मुलाकात के दौरान लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष, उनके परिवारों के सम्मान तथा लोकतंत्र की रक्षा में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया।

एक नजर

कुंडेल में युवाओं को मिलेगी सैन्य भर्ती की तैयारी के लिए बेहतर सुविधा

धमतरी, 20 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के ग्रामीण युवाओं को सेना एवं अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में विकासखंड धमतरी के ग्राम कुंडेल में फिजिकल एजुकेशन ट्रेनिंग ग्राउंड (आर्मी ग्राउंड) विकसित किया जा रहा है। वीबी-जी रामजी योजनांतर्गत स्वीकृत इस प्रशिक्षण मैदान को गांव के नागरिकों, पूर्व सैनिकों और वर्तमान में सेवारत जवानों की सक्रिय सहभागिता से आकार दिया जा रहा है। खास बात यह है कि इस पहल में ग्रामीणजन और सैनिक आर्थिक सहयोग के साथ श्रमदान भी कर रहे हैं। सामुदायिक सहभागिता से विकसित हो रहा यह मैदान ग्रामीण युवाओं के सपनों को नई दिशा देने के साथ ही गांव में देशसेवा के प्रति उत्साह और सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज ग्राम कुंडेल पहुंचकर निर्माणाधीन आर्मी ग्राउंड का अवलोकन किया। उन्होंने मैदान में चल रहे विकास कार्यों तथा प्रवेश द्वार पर किए गए आकर्षक पेंटिंग कार्य का निरीक्षण किया।

धमतरी में औद्योगिक विकास को मिल रही नई गति

धमतरी, 20 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कृषि प्रधान धमतरी जिले में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों, प्रचुर कृषि उत्पादन और अनुकूल भौगोलिक स्थिति को देखते हुए औद्योगिक विकास की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राजधानी रायपुर तथा दुर्ग-भिलाई जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों के नजदीक होने के कारण धमतरी में खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि आधारित उद्योगों की व्यापक संभावनाएं हैं। राज्य शासन द्वारा जिले में फूड पार्क, मेगा फूड पार्क और इंडस्ट्रीयल क्लस्टरों के विकास के माध्यम से औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर निवेश, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। इसी क्रम में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज नगर पंचायत बड़ी करेली में निर्माणाधीन फूड पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन अधोसंरचनाओं एवं चल रहे कार्यों का अवलोकन कर प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने और औद्योगिक गतिविधियों के संचालन के लिए जरूरी सुविधाओं के विकास पर ध्यान देने के निर्देश दिए। जिले में पांच इंडस्ट्रीयल क्लस्टर विकसित किए जा रहे है। इनके माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रोत्साहन मिलेगा तथा स्थानीय उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही छाती और कचना क्षेत्र में मेगा फूड पार्क विकसित करने की दिशा में प्रस्ताव कर भेजा गया हैं।

धान खरीदी अभियान में किसानों की बढ़ रही है भागीदारी

धमतरी, 20 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से जारी है। शासन की किसान हितैषी नीतियों और प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के फलस्वरूप किसान उत्साहपूर्वक अपने उपज का विक्रय करने धान खरीदी केंद्रों में पहुंच रहे हैं। जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा, सुगम व्यवस्था और व्यवस्थित धान खरीदी को प्राथमिकता दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में अब तक कुल 4,303 किसानों से 14,893 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं, 20 नवंबर 2026 के लिए कुल 1,480 टोकन जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से 5,318.68 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जानी है। टोकन व्यवस्था से किसानों को अपनी निर्धारित तिथि पर धान विक्रय करने में सुविधा मिल रही है तथा उपार्जन केंद्रों में अनावश्यक भीड़ की स्थिति से बचने में भी मदद मिल रही है। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा उपार्जन केंद्रों की सतत निगरानी की जा रही है। केंद्रों में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ ही धान की गुणवत्ता परीक्षण, तौल, बारदाना उपलब्धता, स्टैकिंग और अभिलेख संधारण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

विकास संकल्प तिहार में मुख्यमंत्री साय ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का किया अवलोकन

■ हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, किसानों को बीज वितरण, युवाओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 20 नवंबर। सुहेला में विकास संकल्प तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया। इस दौरान उन्होंने वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत, कृषि, महिला एवं बाल विकास, बिजली, समाज कल्याण, स्वास्थ्य तथा कौशल विकास विभाग के माध्यम से हितग्राहियों को सहायता सामग्री, चेक एवं प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के स्टॉल पर मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहक हेमलाल, राजकुमार एवं तुकेश ध्रुव को प्रोत्साहन राशि के रूप में क्रमशः 15,411 रुपये, 22,976 रुपये एवं 21,015 रुपये के चेक प्रदान किए। पंचायत विभाग के स्टॉल पर उत्कृष्ट योगदान के लिए 05 सोलर दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कृषि विभाग के स्टॉल पर मुख्यमंत्री ने किसानों को गेहूं एवं सरसों के बीज वितरित कर उन्नत खेती को प्रोत्साहित किया। साथ ही 10 किसानों को 50 लाख रुपये से अधिक की राशि के चेक प्रदान किए। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल पर 05 बच्चों को सुपोषण टोकरी वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण की दिशा में पहल की।

बिजली विभाग के स्टॉल पर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के 10 हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से 03 दिव्यांग हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं व्हीलचेयर वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, भारत माता वाहिनी समूह के 10 सदस्यों को सीटी, टोपी, लाठी एवं टॉर्च प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर मुख्यमंत्री ने 06 हितग्राहियों को चश्मा, 03 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड तथा 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। वहीं, कौशल विकास विभाग के स्टॉल पर 'हम होंगे कामयाब 2.0' कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 53 युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम नागरिकों, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं जरूरतमंदों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। विकास संकल्प तिहार के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 20 नवंबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज तहसील मुख्यालय सुहेला स्थित दुर्गोत्सव मैदान में आयोजित सेवा संकल्प तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए । इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों को 459 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी । उन्होंने 142 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत के 97 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 316 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत के 178 कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सुहेला में शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ भी किया। उन्होंने इस अवसर पर उड़ान सहकारी सोसायटी के लोगो का भी विमोचन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आप लोगों की सरकार अगले माह 3 साल पूरे करने जा रही है। इन तीन सालो मे हमने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ जनता से किये गये वादे को मोदी की गारंटी के तहत पूरा किया है। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की जनता की सुख -सुविधा की चिंता करने वाली और विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण के लिये संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओ का त्वरित समाधान के लिये सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 शुरू किया गया हैं। यह नंबर 24 घण्टे चालू रहता है। इसमें मांग को छोड़कर कोई भी शिकायत या समस्या को बता सकते हैं। इस नंबर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिये समय- सीमा निर्धारित किया गया हैं जिससे आवेदनों का समय पर निराकरण हो रहा हैं। इसीतरह लोगों को दफ्तरो के चक्कर न लगाने पड़े इसके लिये सेवा सेतु पोर्टल भी शुरू किया गया हैं जिसमें लगभग 700 सेवा की सुविधा मिल रही हैं। गांव -गांव मे बैंकिंग सुविधा पहुँचाने के लिये अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू किया गया है। इससे अब गांव मे ही अपने खाते से पैसा निकालने और जमा करने की सुविधा मिल रही हैं।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अन्नदाताओ की खुशहाली के लिये प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपये की दर से खरीद रही है। हमने हाल ही मे कृषक उन्नति योजना मे संशोधित करते हुए अब कम उपज होने पर भी पूरे 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से अंतर की राशि किसानों को दी जाएगी। इसी तरह दो साल के बकाया बोनस की राशि का भुगतान पहले ही कर दिया गया है।मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियो का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार गठन के 24 घण्टे के अंदर 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति, महतारी वंदन योजना, चरण पादुका योजना, रामलला दर्शन योजना, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना जैसे महत्वपूर्ण योजना शुरु किया गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा की मांग पर सुहेला मे मांगलिक भवन निर्माण के लोए 1 करोड़ देने,सुहेला मे नवीन महाविद्यालय के लिये बजट मे 5 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान,सुहेला तहसील अंतर्गत 20 विद्यालयों मे प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 2 करोड़ देने एवं बलौदाबाजार मे शहीद वीर नारायण सिंह चौक के सौंदर्यीकरण के लिये 10 लाख देने की घोषणा की।

राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि आज सुहेला की लगभग 20 वर्ष पुरानी मांग को मुख्यमंत्री ज़ी ने साकार किया हैं। सुहेला मे महाविद्यालय प्रारम्भ होने से यहां के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिये दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे प्रदेश मे सभी जनकल्याणकारी कार्य हो रहे हैं। हमारी सरकार केवल विकास कार्य ही नहीं बल्कि संस्कृति,विरासत और परम्परा का संरक्षण भी कर रही हैं। हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरण- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री व चेक वितरित किया।इसमें वन विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को 59,402 रूपए का चेक,कृषि विभाग द्वारा पीएम सम्मान निधि योजना के तहत 5 हितग्राहि लाभान्वित, 5 हितग्राहियों को सरसों के बीज वितरण एवं 5 हितग्राहियों को गेंहू बीज की वितरण, महिला बाल विकास विभाग द्वारा ऋषा योजना के तहत 3 हितग्राही को 5,80,000 रूपए की चेक,सक्षम योजना के तहत 9 हितग्राहियों को 9,20,000 रूपए की चेक वितरण शामिल है।

ग्राम पंचायत नगरी को कंप्यूटर सेट दान कर रामाराव ने डिजिटल सेवा विस्तार की पहल की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



नगरी 20 नवंबर। समाज के विकास में जनभागीदारी और सहयोग की भावना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब समाज के सक्षम नागरिक अपनी सामर्थ्य का उपयोग शिक्षा, प्रतिभा प्रोत्साहन और ग्रामीण विकास के लिए करते हैं, तो उनकी पहल दूसरों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनती है। नगरी क्षेत्र के समाजसेवी श्री रामाराव बघेल इसी भावना के साथ निरंतर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उनके द्वारा ग्राम पंचायत नगरी को कंप्यूटर सेट दान कर पंचायत में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में सराहनीय पहल की गई है।

श्री बघेल के इस सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि समाज के जागरूक एवं सामर्थ्यवान नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण विकास के प्रयासों को नई दिशा और मजबूती मिलती है। श्री रामाराव बघेल द्वारा किया जा रहा सहयोग सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक उदाहरण है। इससे अन्य नागरिक भी समाज और गांव के विकास में अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित होंगे।

श्री रामाराव बघेल शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण माध्यम मानते हैं। इसी सोच के अनुरूप वे क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके तहत कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 51 हजार रुपये तथा कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को 41 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करते हैं। उनकी इस पहल से विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन मिलने के साथ ही शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हो रहा है।

शिक्षा और ग्रामीण विकास के साथ-साथ श्री बघेल धार्मिक, सांस्कृतिक एवं अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक आयोजनों में भी सहयोग प्रदान करते हैं। उनका मानना है कि समाज की प्रगति के लिए सामूहिक सहभागिता और परस्पर सहयोग आवश्यक है। इसी भावना से वे विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों में अपना योगदान देते आ रहे हैं।

युवक पर ईंट से हमला कर गंभीर चोंट पहुंचाने वाले 4 लोग गिरफ्तार

बलौदबाजार, 20 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा मारपीट, हुड़दंग और हिंसा करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत आपसी बातचीत को गलत समझकर युवक से मारपीट करने और सिर पर ईंट मारकर चोट पहुंचाने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी विवेक कुर्रे (निवासी- ग्राम धाराशिव द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 08.11.2026 की रात लगभग 11:00 बजे वह अपने दोस्तों के साथ बाजार चौक से वापस घर लौट रहा था। ?रास्ते में बर चौक के पास आरोपीगण बैठे थे। उन्होंने प्रार्थी व उसके साथियों के आपसी बातचीत को गलत समझते हुए हम लोगों को गाली दे रहे हो कहकर एक राय होकर माँ-बहन की गंदी-गंदी गालियां दीं तथा हाथ-थप्पड़ से मारपीट कर, ईंट उठाकर प्रार्थी के सिर में मार दिया, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बेलसिया बाई BELASIYA BAI पति देवनाथ वर्मा DEVNATH VERMA निवासी ग्राम ठाकुरटोला पोस्ट-ढ़ारा थाना-तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बेलसिया बाई BELESIA BAI पति देवनाथ DEVNATH अंकित हैं एवं मैं अपना नया नाम परिवर्तन कर बेलसिया बाई BELASIYA BAI पति देवनाथ वर्मा DEVNATH VERMA के नाम से जाना एवं पहचाना जावे । सूचना जाने ।

भवदीय
(बेलसिया बाई)
BELASIYA BAI
निवासी ग्राम ठाकुरटोला
पोस्ट-ढारा थाना-तहसील डोंगरगढ़

बीच-बचाव करने गए व्यक्ति पर बांस के डंडे और हाथ-मुक्कों से हमला करने वाले गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार-भाटापारा 20 नवंबर। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा मारपीट, हुड़दंग और हिंसा करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत घर के सामने विवाद छुड़ाने गए व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। दिनांक 10.11.2026 की रात्रि करीब 08:00 बजे प्रार्थी अपने घर के अंदर था। घर के सामने झगड़ा-लड़ाई की आवाज सुनकर जब वह बाहर निकला, तो देखा कि आरोपी गाली-गलौज कर उसके भाई बिट्टू वर्मा से विवाद कर रहे थे। जब प्रार्थी अपने भाई को छुड़ाने गया, तो आरोपियों ने एक राय होकर उसे माँ-बहन की गंदी-गंदी गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-थप्पड़ से चेहरे और शरीर पर मारपीट की। इसी दौरान एक आरोपी द्वारा लंबे बांस के डंडे से प्रार्थी के सिर पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 400/2026, धारा 296, 115(2),351(2),118(1),3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ?विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल ग्राम बगबुड़ा कुआं चौक का बारीकी से निरीक्षण किया तथा प्रार्थी, आहत एवं गवाहों के कथन लेखबद्ध किए। आरोपियों के गिरफ्तारी से बचने के लिए बाहर भागने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने ग्राम बगबुड़ा से तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया।पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया तथा घटना में प्रयुक्त एक लंबा बांस का डंडा विधिवत जब्त किया गया।

शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया आईटीएम यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा 20 नवंबर। शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सिमगा के विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ढूङ्गरू यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक दौरा किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, आधुनिक तकनीक, विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराना था।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, आधुनिक प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक सुविधाओं एवं तकनीकी संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों, करियर विकल्पों एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें अपने भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हैं। कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक परिवेश में समझने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।

इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के चेयरमैन श्री कमल सोनी, डायरेक्टर डॉ. आकाश सोनी, हिंदी माध्यम की प्राचार्या श्रीमती शोभा सोनी, अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या श्रीमती स्मिता सोनी तथा व्याख्याता श्री अभिषेक जैन, श्रीमती खालिदा जिया, श्रीमती धनेश्वरी सोनकर, श्री लोकनाथ ध्रुव एवं सुश्री जागेश्वरी यादव की महत्वपूर्ण सहभागिता एवं मार्गदर्शन रहा।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण, व्यावहारिक गतिविधियां एवं अनुभवात्मक शिक्षण अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के ज्ञान, कौशल एवं व्यक्तित्व विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं यादगार अनुभव साबित हुआ।

कार्यालय, नगर पंचायत-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Phone & Fax No. 07705-296755 Email-cmobhakhara.613@rediffmail.com

क्रमांक 2740-/न.पं. / लोनिवि/2026-27 भखारा, दिनांक 20/11/2026

द्वितीय मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत के फर्मों/ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 04.12.2026 शाम 5.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्न है :-

क्र.	कार्य का नाम	निविदा राशि (लाख में)
1	वार्ड क्र. 15 में गायत्री भवन में शेड निर्माण कार्य (अध्यक्ष निधि)	1.72
2	वार्ड क्र. 10 में आदिवासी भवन के सामने पेवर ब्लाक कार्य (पार्षद निधि)	1.41

नोट :- उपरोक्त कार्य की निविदा शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत-भखारा

एक नजर

मुख्य सचिव ने बस्तर संभाग के विकास योजनाओं की समीक्षा की

रायपुर 20 नवंबर। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में बस्तर संभाग से जुड़े विभिन्न विकासात्मक और प्रस्तावित बजट की समीक्षा की गई। बैठक में बस्तर क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, आजीविका, जनजातीय संस्कृति के संरक्षण, वनाधिकार और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने से संबंधित प्रस्तावों एवं उनकी प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनीष ठाकुर एवं संचालक समीधा सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। मुख्य सचिव ने कहा कि बस्तर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों और बालवाड़ियों में जनजातीय भाषाओं पर आधारित बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हलबी, गोंडी और भतरी जैसी भाषाओं में शिक्षण सामग्री, कार्य पुस्तिकाएं, चित्र पुस्तकें, द्विभाषी शब्दकोश तथा शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों की समझ, सहभागिता और राज्य भाषा में सहज संक्रमण को सुदृढ़ करने पर विचार किया गया।

ड्यूल-कंसोल तकनीक से की गई बाईपास सर्जरी

रायपुर 20 नवंबर। भारत ने रोबोटिक हृदय सर्जरी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक वैश्विक उपलब्धि हासिल की है। गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में स्वदेशी SSI Mantra सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से दुनिया की पहली ड्यूल-कंसोल, पांच रोबोटिक आर्म वाली बीटिंग-हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। इस प्रक्रिया के दौरान मरीज का दिल लगातार धड़कता रहा और सर्जरी के लिए हार्ट-लंग मशीन का इस्तेमाल नहीं किया गया। यह ऐतिहासिक सर्जरी मेदांता, गुरुग्राम के रोबोटिक एवं मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जन डॉ. नितिन कुमार राजपूत और मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर के चीफकार्डियक सर्जन डॉ. ललित मलिक ने संयुक्त रूप से की। इस पूरी प्रक्रिया का पर्यवेक्षण रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में अग्रणी माने जाने वाले डॉ. सुधीर पी. श्रीवास्तव, संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ, SS Innovations International ने किया। इस सर्जरी की सबसे बड़ी विशेषता SSI Mantra सिस्टम के दो अलग-अलग सर्जन कंसोल और पांच रोबोटिक आर्म का एक साथ इस्तेमाल रहा। इस ड्यूल-कंसोल व्यवस्था में दोनों सर्जन एक ही समय पर अलग-अलग कंसोल से रोबोटिक आर्म को नियंत्रित करते हुए आपसी तालमेल के साथ सर्जरी कर सके। इसके अलावा, हार्ट स्टेबिलाइजेशन सिस्टम की मदद से धड़कते हुए दिल के उस हिस्से को स्थिर रखा गया, जहां बाईपास प्रक्रिया की जानी थी।

भारत में रिन्यूएबल एनर्जी पर 7 अरब डॉलर का निवेश

रायपुर 20 नवंबर। अमेज़न ने आज घोषणा की कि वह 2030 तक भारत में रिन्यूएबल एनर्जी परियोजनाओं में 7 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है। इससे कंपनी के रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो का बड़ा विस्तार होगा और देश को ऐसे ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी, जो ज्यादा टिकाऊ और मजबूत हो। यह निवेश भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के लिए पहले से अनुबंधित 4 अरब डॉलर के निवेश के अलावा है। इसके साथ अमेज़न देश में कार्बन-फ्री एनर्जी खरीदने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है। इसके साथ ही अमेज़न ने कुल 934 मेगावाट क्षमता वाली बड़े पैमाने की चार नई पवन और सौर ऊर्जा परियोजनाओं की भी घोषणा की है। इनमें शामिल हैं: कर्नाटक में 234 मेगावाट का विंड फार्म, जो एशिया में अमेज़न का अब तक का सबसे बड़ा पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट है; कर्नाटक में ही 200 मेगावाट का सोलर-विंड हाइब्रिड प्रोजेक्ट; मध्य प्रदेश में 300 मेगावाट का सोलर प्रोजेक्ट; और राजस्थान में 200 मेगावाट का सोलर प्रोजेक्ट। पावर परचेज एग्रीमेंट्स (पीपीए) के तहत तय हुई ये परियोजनाएं भारत में अमेज़न के मौजूदा 4 अरब डॉलर के अनुबंधित प्रोजेक्ट्स का हिस्सा हैं। चालू होने के बाद इन सभी प्रोजेक्ट्स की कुल क्षमता 2 गीगावाट से अधिक होगी। इतनी क्षमता से भारत के 35 लाख से ज्यादा घरों की सालाना जरूरत के बराबर बिजली बन सकेगी।

खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

रायपुर 20 नवंबर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत खेलवृत्ति के लिए राज्य के खिलाड़ियों से आवेदन मंगाए हैं। योजना के अंतर्गत प्रदेश के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को 75 हजार रुपए तक की सालाना खेलवृत्ति दी जाएगी। विभाग द्वारा वरिष्ठ, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को पदक के अनुसार 20 हजार रुपए से 75 हजार रुपए तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने खेलवृत्ति दी जाती है। इसके लिए पात्र खिलाड़ी 30 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

तीन साल पहले मां की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर 20 नवंबर। राजधानी रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र से मां-बेटे के रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बेटे ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी ही मां की हत्या कर दी और वारदात को सामान्य मौत बताकर छिपाने की कोशिश की। हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद आरोपी ने परिजनों और आसपास के लोगों को भी इसकी भनक नहीं लगने दी। करीब तीन साल पुराने इस संदिग्ध मौत के मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, खमतराई थाना क्षेत्र में श्यामा गोस्वामी की मृत्यु के मामले में मर्ग क्रमांक 72/2023 दर्ज कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मृतिका के सिर पर चोट और गले में रस्सी के निशान से जुड़े तथ्य सामने आए थे। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के बयान और अन्य गवाहों से मिली जानकारी के आधार पर मामले की दोबारा गहन जांच की। जांच में सामने आया कि आरोपी अपनी पत्नी और बच्चों को घर लाना चाहता था। इसी बात को लेकर 5 जुलाई 2023 को उसका अपनी मां से विवाद हुआ था। पुलिस के अनुसार, विवाद के दौरान आरोपी ने अपनी मां को दीवार की ओर धक्का दिया, जिससे उनके सिर में चोट आई।



इसके बाद उसने कथित तौर पर सिलबट्टे के लोहे से सिर पर वार किया और फिर रस्सी से गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी।

पुलिस जांच के मुताबिक, वारदात के बाद आरोपी ने घटना को छिपाने के लिए मृतिका के सिर पर गमछा बांधा और माथे व सिर पर गुलाल लगा दिया। उसने अपनी बहनों और पुलिस को भी हत्या की जानकारी नहीं दी। आसपास के लोगों को मां की मृत्यु सामान्य कारणों से होने की बात बताई। बाद में मृतिका की बेटी संगीता गोस्वामी ने अपनी मां की मौत पर संदेह जताया। इसके बाद पुलिस ने पुराने मर्ग से जुड़े तथ्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का दोबारा परीक्षण किया। गवाहों और परिजनों से पूछताछ के बाद आरोपी की संलिप्तता सामने आई।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना खमतराई पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में उसने अपनी मां की हत्या करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजू उर्फसंदीप गिरि गोस्वामी (44 वर्ष), पिता स्वर्गीय अंबिकेश्वर पुरी गोस्वामी, निवासी धनलक्ष्मी नगर, भनपुरी, थाना खमतराई, रायपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 1240/2026 के तहत धारा 302 और 201 भादवि में मामला दर्ज कर 19 नवंबर 2026 को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना खमतराई पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

छग में शादियों से 20 हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान: कैट



रायपुर 20 नवंबर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री श्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि छत्तीसगढ़ आगामी विवाह सीजन में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और घरेलू बाजार में एक बड़े कारोबारी उछाल का साक्षी बनने जा रहा है। 21 नवंबर से 15 दिसंबर 2026 तक चलने वाले विवाह सीजन में पूरे प्रदेश में लगभग 1.30 लाख से 1.50 लाख शादियां होने का अनुमान है, जिनसे करीब 18,000 से 20,000 करोड़ का कारोबार होने की संभावना है। 15 दिसंबर के बाद मलमास प्रारंभ होने के कारण इस अवधि में विवाह एवं अन्य मांगलिक आयोजनों पर विराम लग जाएगा। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी ने यह अनुमान व्यक्त करते हुए कहा कि विवाह सीजन छत्तीसगढ़ के व्यापार, उद्योग, सेवा क्षेत्र और स्थानीय बाजारों के लिए वर्ष के सबसे महत्वपूर्ण कारोबारी अवसरों में से एक है। शादियों से होने वाले कारोबार में वस्तुओं की बिक्री के साथ-साथ विभिन्न सेवाओं से प्राप्त होने वाला कारोबार भी शामिल है।

नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त मामले में डॉक्टर समेत तीन बंदी

रायपुर 20 नवंबर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी इलाके में नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त के कथित गिरोह का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले में दिवाकर अस्पताल के डॉक्टर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आए तथ्यों के अनुसार, पिछले 11 महीनों में 23 नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त किए जाने का संदेह है। पुलिस को इस गिरोह के जरिए तीन से चार साल में 100 से अधिक बच्चों की अवैध बिक्री होने की भी आशंका है। नक्शेदेखें

पुलिस जांच में गुढ़ियारी स्थित दिवाकर अस्पताल के रिकॉर्ड में गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं। अस्पताल में वर्ष 2026 के दौरान अब तक केवल तीन डिलीवरी होने की जानकारी मिली है, जबकि इसी अवधि में 26 नवजात बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र जारी किए गए।

पुलिस ने अस्पताल से रजिस्टर और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। इनमें 23 बच्चों के कथित फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाए जाने से संबंधित जानकारी मिलने की बात कही गई है। जिन दंपती के नाम पर प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं, वे दूसरे राज्यों के निवासी बताए जा रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने डॉक्टर खिर सिंधु महानंद, पुरुष नर्स प्रकाश कुमार कौरव और कृतिका साहू के लिव-इन पार्टनर अश्विनी शर्मा को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस कथित गिरोह की मास्टरमाइंड कृतिका साहू, अहिल्या नामदेव और गीतिका नाग को भी गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। मामले का खुलासा तब हुआ, जब ओडिशा के सुंदरगढ़ की एक गर्भवती महिला को मुफ्त प्रसव कराने का झांसा देकर रायपुर लाया गया। आरोपियों ने महिला की अस्पताल में डिलीवरी कराई और नवजात बच्चे का कथित तौर पर आठ लाख रुपये में सौदा तय किया।

महिला ने जब बच्चे को बेचने से इनकार कर दिया, तो आरोपियों ने कथित तौर पर उसे बंधक बनाकर पैसों की मांग की। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह का खुलासा किया। जांच में नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त के लिए अलग-अलग रकम तय किए जाने की बात सामने आई है। आरोपियों द्वारा लड़की के बच्चे का सौदा चार से पांच लाख रुपये और लड़के के बच्चे का छह से आठ लाख रुपये तक में किए जाने का संदेह है। बच्चे का रंग गोरा होने पर कीमत और बढ़ाने की बात भी सामने आई है।

गिरोह कथित तौर पर आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं, अविवाहित गर्भवती युवतियों तथा पारिवारिक परिस्थितियों से परेशान महिलाओं को निशाना बनाता था। उन्हें प्रसव के लिए अस्पताल लाने के बाद नवजात के सौदे के लिए तैयार किया जाता था। बदले में माताओं को करीब 40 से 50 हजार रुपये दिए जाने की जानकारी सामने आई है।

रायपुर के गुढ़ियारी में नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त के मामले में डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार। 11 महीने में 23 बच्चों की बिक्री का शक, कई राज्यों तक नेटवर्क की जांच।

फसल बीमा के नाम पर महाघोटाला: दीपक बैज

रायपुर 20 नवंबर। फसल बीमा योजना के नाम पर किसानों के साथ हो रही खुली लूट और निजी बीमा कंपनियों की मिलीभगत से किए जा रहे महाघोटाले का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ का अन्नदाता आज संकट में है और भाजपा सरकार आंखें मूंदकर बैठी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम पर किसानों के साथ खुला छल किया जा रहा है। फसल बर्बाद होने पर किसानों को लाखों के नुकसान पर मुट्ठी भर मुआवजा दिया जाता है, जबकि निजी बीमा कंपनियां मालामाल हो रही हैं। यह कोई योजना नहीं, बल्कि सरकार के संरक्षण में छत्तीसगढ़ के किसानों को लूटने का एक सुनियोजित षड्यंत्र है, जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा सरकार किसान हितैषी बताकर ढिंढोरा पीटती है, लेकिन छत्तीसगढ़ के गांवों में जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। नुकसान लाखों का होता है और किसानों के खातों में मुआवजे के नाम पर चंद रुपये आते हैं, कई किसानों को तो फूटी कौड़ी तक नहीं मिलता।

शोक - संदेश



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पतिदेव
श्री रूंगू प्रसाद शर्मा (उपाध्याय)
का स्वर्गवास दिनांक 12.11.2026 गुरुवार को हो गया है। जिनका
दशगात्र का कार्यक्रम दिनांक 21.11.2026 शनिवार को
निज निवास ग्राम-पथरी, जिला-रायपुर (छ.ग) में रखा गया है।

शोकाकुल : केशर बाई शर्मा (धर्मपत्नी), बसन्ती-जनकराम दीक्षित, सुरेखादेवी-विजय कुमार झारखरिया, चुम्मन देवी-अशोक कुमार दीक्षित (पुत्री-दामाद), छत्रपाल-सरोज शर्मा, भूपेन्द्र कुमार-कविता शर्मा, संजय कुमार-नीलम शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु), हरिवंश, आशीष, राम (पौत्र), दीपांजली (पौत्री) एवं समस्त शर्मा (उपाध्याय) परिवार खौना पथरी, रिश्तेदार एवं मित्रगण।

प्रतिष्ठान : ● श्री हनुमान ट्रेडर्स, रायपुर ● अद्वैत वेंचर्स, रायपुर

मो : छत्रपाल शर्मा (9309975331), भूपेन्द्र कुमार शर्मा (7747013827), संजय कुमार शर्मा (9826129128) नोट : जिन शिष्यों एवं परिचित आत्मीयजनों को आंमत्रण नहीं पहुंचा हो, वो इसे ही आमंत्रण स्वीकार कर व उपस्थित होकर हमें अनुग्रहित करें।

BhaskarAd.com

कांग्रेस ने ओबीसी समाज को हमेशा वोट बैंक समझा: संजय

रायपुर 20 नवंबर। छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने OBC समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक पिछड़ा वर्ग समाज का इस्तेमाल केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ और वोट बैंक के रूप में किया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने OBC समाज को सम्मान, अधिकार और नेतृत्व में भागीदारी देने का काम किया है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार में 27 OBC मंत्री शामिल हैं, वहीं छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार में 7 OBC मंत्री समाज की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि भाजपा की राजनीति केवल नारों और घोषणाओं तक सीमित नहीं है।

गौ माता की सेवा का संकल्प

रायपुर 20 नवंबर। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद ने आज जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री जी ने मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। मंदिर दादाबाड़ी ट्रस्ट के महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस अवसर पर आधुनिक गौशाला संचालित करने की चर्चा मुख्यमंत्री जी से हुई उन्होंने गौ माता की सेवा प्रकल्प के लिए पूर्ण सहयोग का आशीर्वाद दिया। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व ट्रस्ट मण्डल ने आधुनिक गौशाला खोलने का संकल्प लिया है। संतोष बैद के जन्मदिन के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्लास्टिक निर्माता संघ, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।



आनंद वन आश्रम में मनाई गई आंवला नवमी



रायपुर 20 नवंबर। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर मनाया जाने वाला पावन पर्व आंवला नवमी मां गोदावरी आनंद वन आश्रम में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां गोदावरी आनंद वन परिवार के सदस्यों ने भारतीय सनातन परंपरा के अनुसार पवित्र आंवले के वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। ट्रस्टी योगेश तिवारी के आयोजन में संपन्न हुए इस धार्मिक कार्यक्रम में भगवान श्रीहरि विष्णु, माता लक्ष्मी एवं आंवले के वृक्ष का पूजन कर सभी के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आंवला नवमी का पर्व भगवान विष्णु और आंवले के वृक्ष की आराधना के लिए विशेष महत्व रखता है। मां गोदावरी आनंद वन ट्रस्टी श्री योगेश तिवारी ने आंवले के धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन धर्म में आंवले के वृक्ष को अत्यंत पवित्र और भगवान विष्णु का प्रिय माना गया है। धार्मिक मान्यताओं में इस वृक्ष को 'आदिरोह' कहा गया है। ऐसी मान्यता है कि इसके स्मरण मात्र से पुण्य फल प्राप्त होता है, दर्शन करने से उसका दोगुना और आंवले का फल ग्रहण करने से तीन गुना पुण्य मिलता है।

नगरीय प्रशासन मंत्री का भ्रष्टाचार अब निगमों में दिखने लगा है: कांग्रेस

रायपुर 20 नवंबर। रायपुर नगर निगम की बदहाली, हर तरफ कचरे का अंबार, बजबजाती नालियां, धूल, गड्ढों के बीच ट्रिपल इंजन के दावों और पहले टेंडर, फिर प्रजेंटेशन व सुझाव जैसी उल्टी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि केंद्र, राज्य और नगर निगम में भाजपा के ही होने से रायपुर में विकास की गति तेज होने, शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट बनाने तथा बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के बड़े-बड़े दावे किए थे, जमीनी हकीकत उसके उलट है। आम जनता टैक्स पाटकर भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, वार्डों में कचरे के ढेर लगे हैं, नालियां जाम हैं और ओवरफ्लो हो रही हैं। सबसे हास्यास्पद और चिंताजनक स्थिति यह है कि जनहित के कामों और ठोस योजना के बजाय पहले टेंडर जारी किए जा रहे हैं और बाद में प्रेजेंटेशन व सुझाव मांगे जा रहे हैं, जो प्रशासनिक अराजकता और कमीशनखोरी की मंशा को साफ दिखाता है। सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया में पहले समस्या का आकलन, तकनीकी सर्वेक्षण, सुझाव और प्रजेंटेशन होता है, फिर टेंडर।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26